राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सफलता का 5वां वर्ष

# जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा अब बरेली मुरादाबाद मंडल में मात्र 5/- में

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 34 | मंगलवार 17 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण द्वादशी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

# कौशल विकास गढ़ रहा नया भारत

## हुनर के साथ मिल रहा रोजगार, 3.57 करोड़ युवाओं को मिला प्रशिक्षण

**लखनऊ।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय युवाओं को हुनरमंद बनाने का मिशन चला रहा है। स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत देशभर में कौशल विकास प्रशिक्षण विशाल नेटवर्क खड़ा किया। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 85,111 केंद्रों पर प्रशिक्षण की मुहिम जारी है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रारंभ से लेकर बाकी स्कीम्स के जरिये 31 दिसंबर 2025 तक 3.57 करोड़ से ज्यादा युवक-युवतियों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

केंद्र सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के मंत्री-स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में ये जानकारी साझा की है।




कौशल विकास योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि, नीति आयोग ने 2020 में पीएमकेवीआई योजना का मूल्यांकन किया था। सर्वेक्षण में 94 फीसदी नियोक्ताओं (कंपनियों) ने कहा कि जॉब के लिए वे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित युवाओं को प्राथमिकता देंगे। इतना ही नहीं प्रशिक्षित युवाओं को वेतमान भी सामान्य अभ्यर्थियों की अपेक्षा अधिक देने का तथ्य सामने आया है। जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) के मूल्यांकन में सामने आया कि प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के परिवार की आमदनी दोगनी होने में मदद मिली।

राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) का 2021 में मूल्यांकन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ी है।

### देश में संचालित प्रशिक्षण केंद्र

| | |
|---|---|
| -प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना | : 1,64,34,210 |
| -जेएसएस | : 34,14,181 |
| -एनएपीएस | : 47,17,790 |
| -सीटीएस प्लस आईटीआई | : 10,742,151 |

### एआई और रोबोटिक्स पर जोर

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तीसरे और चौथे चरण में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), रोबोटिक्स, ड्रोन और नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित विशेष शॉर्ट और शानदार मॉड्यूल पेश किए गए। उद्योगों की जरूरत और डिजिटल बदलाव को गति देने के अलावा भविष्य के लिए वर्कफोर्स तैयार करने का मकसद है।

# PMAY 2.0 : CM योगी ने जारी की पहली किस्त

## कहा- केवल परिवार और रिश्तेदारों के बारे में सोचती थी सपा सरकार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि वर्ष 2017 से पहले राज्य में जो सरकार थी वह केवल परिवार और रिश्तेदारों के बारे में सोचती थी।

मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों के कुल 90 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2 की पहली किस्त वितरित करने के सिलसिले में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि साल 2017 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार बनने से पहले से पहले प्रदेश सरकार गरीबों को घर का लाभ नहीं दे रही थी।

उन्होंने कहा, "ऐसा नहीं था कि प्रधानमंत्री ने घोषणा न की हो लेकिन प्रदेश सरकार में इच्छा शक्ति नहीं थी। जब व्यक्ति स्वार्थ में डूबा होता है तो उसकी संवेदना मर जाती है। परमार्थ से उसका संबंध दूर-दूर तक नहीं रह जाता और वह केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचता है।"

आदित्यनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा, "वर्ष 2017 से पहले राज्य में जो सरकार थी, वह केवल अपने बारे में सोचती थी, एक परिवार के बारे में सोचती थी, अपने रिश्तेदारों के बारे में सोचती थी।" मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी तो उसके लिए राज्य की 25 करोड़ की आबादी ही उसका परिवार हो गया।



उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2 के तहत पहली किस्त पाने वाले सभी 90 हजार परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो और इस योजना के तहत अब तक देश में 62 लाख परिवारों को उनका पक्का मकान दिया जा चुका है। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि आज जिन 90 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त के तहत एक लाख रुपये उपलब्ध करवाए जा रहे हैं उनमें से सहारनपुर में 10,214, प्रतापगढ़ में 7,991, शाहजहांपुर में 4,325, फिरोजाबाद में 4.266, जालौन में 3,174, सीतापुर में 3,078 और गोरखपुर में 3,063 लाभार्थी परिवार शामिल हैं।

# होर्मुज में युद्धपोत भेजने पर भारत का साफ रुख

## MEA ने कहा- अमेरिका से कोई चर्चा नहीं; भारतीय जहाजों पर भी बोले

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई द्विपक्षीय चर्चा नहीं हुई है। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों से इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने की अपील की है।




+विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कई देश इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच इस विषय पर कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारत इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और विभिन्न देशों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। उनका कहना था कि भारत का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना और समुद्री व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**ट्रंप ने किन देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की?**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कई देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने की अपील की थी। उन्होंने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देशों का नाम लेते हुए कहा कि इन देशों को इस समुद्री मार्ग को सुरक्षित और खुला रखने के लिए आगे आना चाहिए। हालांकि ट्रंप की इस अपील के बाद भी किसी देश ने तुरंत युद्धपोत भेजने की घोषणा नहीं की है।

**भारतीय जहाजों की आवाजाही को लेकर क्या स्थिति है?**


हाल ही में दो भारतीय एलपीजी टैंकर शिवालिक और नंदा देवीह्व होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित होकर गुजर चुके हैं

# रद्द हो सकता है आठ सांसदों का निलंबन; ओम बिरला के साथ बैठक में बनी सहमति

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन मंगलवार को रद्द किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई है। बताया गया है कि मंगलवार को संसद में इन सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव लाया जाएगा। जानें बैठक में किन-किन मुद्दों पर सहमति बनी...

संसद के बजट सत्र के पहले हिस्से के दौरान 'अवांछित व्यवहार' के कारण निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसदों की सदस्यता मंगलवार को बहाल होने की पूरी संभावना है।



सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में एक आम सहमति बन गई है, और सदन में उनके निलंबन को रद्द करने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

यह आठ विपक्षी सदस्य 4 फरवरी को लोकसभा से निलंबित कर दिए गए थे। उन पर नियमों का उल्लंघन करने और सदन में 'कागजात फेंकने' जैसे आरोप लगे थे। यह घटना कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्वी लद्दाख में 2020 में चीन के साथ सीमा तनाव से संबंधित एक विशिष्ट संदर्भ का उल्लेख करने पर अड़े रहने के बाद हुए हंगामे के कारण हुई थी।

स्पीकर ओम बिरला ने रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं को एक पत्र लिखकर बैनर, पोस्टर और तख्तियों के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि 'कुछ समय से, हमारी संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को कुछ माननीय सदस्यों द्वारा सदन के भीतर और संसद भवन परिसर में ठेस पहुंचाई जा रही है। जिस तरह से बैनर, तख्तियां और पोस्टर प्रदर्शित किए जा रहे हैं, इस्तेमाल की जा रही भाषा की प्रकृति, और सदन तथा परिसर के अंदर प्रदर्शित समग्र आचरण और व्यवहार हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

# संसद के प्रवेश द्वार पर बूम बैरियर गिरने से बजने लगा सायरन

**दिल्ली (एजेंसी समाचार)।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को तेज हवाएं चलने के बीच, संसद के प्रवेश द्वार पर लगा एक 'बूम बैरियर' तकनीकी खराबी के कारण गिर जाने पर सुरक्षा अलार्म बज गया और तुरंत ही एक त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) मौके पर पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि संसद भवन परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएफ) के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि कोई सुरक्षा खतरा नहीं पाया गया। विजय चौक के पास स्थित गेट से वाहनों की आवाजाही कुछ समय बाद सामान्य रूप से बहाल हो गई।

सूत्रों ने बताया कि 'बूम बैरियर' संभवतः तेज हवा के कारण आई तकनीकी खराबी के चलते स्वतः ही नीचे गिर गया। 'बूम बैरियर' उठाये जाने पर ही वाहन परिसर में प्रवेश कर पाते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बारे में विस्तृत जांच की जा रही कि क्या 'बूम बैरियर' तेज हवा के कारण गिरा था, या उस समय संसद परिसर में प्रवेश कर रही एक कार का 'प्रवेश स्टिकर' नहीं पढ़े जा सकने के कारण यह घटना हुई।

# बिहार की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत; एक पर ही थी लड़ाई

एजेंसी समाचार

**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे। मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं।

**जीतने वाले उम्मीदवारों में कौन कौन हैं?**

नीतीश कुमार-जदयू
रामनाथ ठाकुर-जदयू
नितिन नवीन-भाजपा
शिवेश कुमार-भाजपा
उपेंद्र कुशवाहा-रालोमो

जानिए कहां हो गया खेला?

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवीं सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया। दोनों गठबंधन ने अपने अपने विधायकों को एकजुट करना शुरू किया। पहले तेजस्वी यादव ने विधायकों को एकजुट किया। तेजस्वी अक्टक्ट के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। बसपा के एकमात्र विधायक सतीश यादव ने महागठबंधन को समर्थन दिया। 15 मार्च को तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के सभी विधायकों को पटना के होटल में ठहरने को कहा। चार विधायकों को छोड़ सभी होटल में आए। 16 मार्च को कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया। महागठबंधन को पांचवी सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों की जरूरत थी। अक्टक्ट और बसपा के दम पर तो महागठबंधन ने जीत का दावा कर दिया था लेकिन अंत में चार विधायकों ने खेला कर दिया। यह लोग मतदान के लिए ही नहीं पहुंचे। इस कारण महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा।




**हार के बाद राजद विधायक ने क्या कहा?**

महागठबंधन की ओर से राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा कि अब तो पूरा देश जान गया कि कौन धनबल का प्रयोग करता है? भाजपा ने धनबल का प्रयोग किया है। यह छल किया गया है। यह जनता का अपमान है। महागठबंधन के चार विधायकों के नहीं पहुंचने पर कुमार सर्वजीत ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेने वालों विधायकों ने जनता के साथ धोखा दिया है। उनके ऊपर जिंदगी भर एक्स एमएलए का टैग लग जाएगा।

**जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने क्या कहा?**

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पूरे बिहार में एक बड़ा मैसेज फिर से गया है। एनडीए की प्रचंड जीत है। हमारे पांचों उम्मीदवारों की शानदार जीत है। सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहा है।

# आईएसआईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़ा छात्र मुरादाबाद से गिरफ्तार

## छात्र के गिरफ्तार होने के बाद फैली सनसनी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद,** उत्तर प्रदेश एटीएस ने आतंकी संगठन आईएसआईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़े हारिश अली को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। हारिश अली सहारनपुर का रहने वाला है। बीडीएस द्वितीय वर्ष का छात्र बताया गया है।

जांच एजेंसियों के अनुसार आईएसआईएस मॉड्यूल के हैंडलर्स और अन्य मुजाहिद साथियों के संपर्क में था। आतंकी संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में लगा हुआ था।

एटीएस की जांच में सामने आया हारिश अली भारत सरकार को नुकसान पहुंचाने और देश में शरिया कानून लागू कर खिलाफत व्यवस्था स्थापित करने की मंशा रखता था। इसके लिए उसने इंस्टाग्राम समेत कई एन्क्रिप्टेड एप जैसे सेशन और डिस्कार्ड पर फर्जी नाम से खाते बना रखे थे। वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए उसने कई ऑनलाइन समूह तैयार कर लिए थे। समूहों के माध्यम से वह आईएसआईएस की जिहादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करता था और लोगों को संगठन में शामिल होने के लिए प्रेरित करता था। जांच में यह भी सामने आया कि इन समूहों में आईएसआईएस के मीडिया चैनलों, पत्रिकाओं, आतंकी विचारधारा से जुड़े संदेश, मारे आतंकियों के चित्र, वीडियो और ऑडियो साझा किए जाते थे। साथ ही कुख्यात आतंकियों के भाषणों का भी प्रचार किया जाता था। एजेंसियों के मुताबिक हारिश अली भारत, पाकिस्तान और अन्य देशों में सक्रिय आईएसआईएस हैंडलर्स से भी संपर्क में था। आईएसआईएस के मंसूबों को बढ़ावा देने के लिए अल इत्तेहाद मीडिया फाउंडेशन नाम से अपना एक अलग समूह भी बनाया था। वह आईएसआईएस के मीडिया न्यूज चैनल अल-नाबा और उसकी प्रोपेगेंडा पत्रिका दाबिक को भी फॉलो करता थापूछताछ में यह भी सामने आया कि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था को नहीं मानता और जंग-ए-जिहाद के जरिए आईएसआईएस का राज्य स्थापित करने की बात करता था। अपने समूहों में लोगों को फिदायीन हमलों के लिए भड़काने के भी आरोप उस पर लगे हैं। एटीएस उससे पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है।

# भाजपा की 144 नामों की पहली सूची

## ममता के खिलाफ शुभेंदु को टिकट, अशोक डिंडा भी मैदान में

एजेंसी समाचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति को आगे बढ़ाते हुए 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में कई बड़े नेताओं को मैदान में उतारा गया है। खास बात यह है कि भाजपा ने इस बार नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को दो विधानसभा सीट नंदीग्राम और भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

बता दें, पिछली बार शुभेंदु को नंदीग्राम से टिकट मिला था। इसके बाद ममता ने नंदीग्राम से शुभेंदु के खिलाफ चुनाव लड़ने का एलान किया था। साथ ही ममता भवानीपुर से भी चुनावी मैदान में थी। नंदीग्राम में दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। ममता नंदीग्राम से हार गई थीं। हालांकि भवानीपुर से वो जीत गई थीं। इस बार भाजपा ने बड़ा दांव खेलते हुए शुभेंदु को भावनीपुर और नंदीग्राम दोनों से प्रत्याशी बनाया है।




**अशोक डिंडा को फिर होंगे चुनावी मैदान में**

क्रिकेटर अशोक डिंडा को भाजपा ने फिर से मोयना विधानसभा सीट से मौका दिया है। इससे पहले भी डिंडा को भाजपा ने मोयना विधासभा से ही टिकट दिया था और उन्होंने 1260 वोटों से जीत दर्ज की थी। भाजपा की इस सूची में कई प्रमुख नेताओं को जगह दी गई है। पार्टी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

CMYK

# दामाद ने सास-साले को चाकू से गोदा

- पत्नी भी घायल, अस्पताल में भर्ती
- मौके पर एडीजी, एसएसपी और एसपी सिटी

जागरण मोर्चा कार्यालय







**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा चौधरी में सोमवार को पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत अचानक खूनी वारदात में बदल गई। युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर अपनी सास और साले की हत्या कर दी, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दिनदहाड़े हुए इस दोहरे हत्याकांड से गांव में सनसनी फैल गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

गांव रहपुरा चौधरी निवासी अफसर खान ई-रिक्शा चलाता है। उसका अपनी पत्नी शायमा से लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते पत्नी मायके में रह रही थी। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए गांव के सभासद प्रत्याशी राशिद के घर पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में अफसर, उसकी पत्नी शायमा, सास आसमा और साला आदिल मौजूद थे।

बताया जा रहा है कि पंचायत के दौरान अफसर ने पत्नी से साथ चलने के लिए कहा। पत्नी के इनकार करने पर वह आपा खो बैठा और चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। पत्नी को बचाने के लिए आगे आए साले आदिल और सास आसमा पर भी उसने ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले से वहां मौजूद लोग घबरा गए और अफरा-तफरी मच गई।

घटना में आसमा (54) और आदिल (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण और परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं अफसर की पत्नी शायमा गंभीर रूप से घायल है और उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना के बाद आरोपी अफसर खान मौके से फरार हो गया। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर एडीजी जोन रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत कई अधिकारी पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।



मृतकों के फाइल फोटो

### सीसीटीवी का डीवीआर कब्जे में, जांच जारी

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना की वजह पारिवारिक विवाद सामने आई है। पंचायत के दौरान ही कहासुनी के बाद आरोपी ने हमला किया। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर कब्जे में ले लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंडस्ट्रियल टाउनशिप को मंजूरी, 126 हेक्टेयर में बसाया जाएगा उद्योगों का नया शहर

- चार गांवों के 600 किसानों से खरीदी जाएगी जमीन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** जिले में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की दिशा में बड़ा फैसला हुआ है। सोमवार को बीडीए की बोर्ड बैठक में 126.30 हेक्टेयर में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित करने की स्वीकृति दे दी गई। इसके लिए चार गांवों के 600 से अधिक किसानों से भूमि खरीदी जाएगी। साथ ही बीडीए बोर्ड ने अपने इतिहास के सबसे बड़े 3329.09 करोड़ रुपये के बजट पर भी मुहर लगा दी।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर बीडीए बोर्ड की 94वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में रहपुरा जागीर समेत चार गांवों में प्रस्तावित नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस परियोजना के तहत भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली, रहपुरा जागीर और रसूला चौधरी गांवों के करीब 600 किसानों से 126.304 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति से खरीदी जाएगी।

बीडीए बोर्ड के समक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 3329.09 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई। इस बजट में इंडस्ट्रियल टाउनशिप और पीलीभीत रोड टाउनशिप योजना के विकास के लिए विशेष धनराशि आरक्षित की गई है। दोनों टाउनशिप की जमीन खरीद और विकास कार्यों के लिए करीब 1498 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में सदस्य राजेश अग्रवाल ने इंडस्ट्रियल टाउनशिप में कम्युनिटी सेंटर और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए योजना में सार्वजनिक सुविधाओं को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

बोर्ड बैठक में मानचित्र पास कराने के लिए विकास शुल्क को 1450 रुपये से बढ़ाकर 1510 रुपये करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। साथ ही आगामी योजनाओं के विकास को गति देने के लिए पांच सहायक अभियंता और दस जूनियर इंजीनियर को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। हालांकि 65 वर्ष से अधिक आयु के दो जेई को पुनर्नियुक्ति देने का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया।

### औद्योगिक टाउनशिप से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. ने बताया कि नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकसित होने से जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। योजना के तहत भूमि खरीद और आंतरिक-बाह्य विकास कार्य पूरे होने के बाद आमजन और उद्योगों के लिए भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, पार्षद शालिनी वर्मा, पूनम और उमेश कठेरिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सथरापुर वेस्ट प्लांट शुरू कराने की तैयारी तेज

- नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, एजेंसी ने मांगे दो हफ्ते

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने सथरापुर स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को चालू कराने की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अधिकारियों के साथ प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्लांट का समय पर शुरू होना बेहद जरूरी है। निरीक्षण के दौरान प्लांट का संचालन करने वाली एजेंसी पाथ्या के प्रतिनिधियों ने मशीनरी की स्थापना के लिए नगर आयुक्त से दो सप्ताह का समय मांगा। एजेंसी का कहना है कि मशीनों की स्थापना पूरी होते ही ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा, ताकि तकनीकी खामियों को दूर कर प्लांट को नियमित रूप से संचालित किया जा सके। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय और एक्सईएन राजीव कुमार राठी को निर्देश दिए कि कार्यों की लगातार निगरानी की जाए और तय समय सीमा के भीतर सभी तकनीकी समस्याओं को दूर कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पिछले दौरों के दौरान भी इस प्लांट को जल्द चालू कराने के निर्देश दिए थे।

इसी को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियों की रफ्तार बढ़ा दी है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि निगम प्रशासन की योजना सितंबर माह से प्लांट में कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण शुरू करने की है। प्लांट के चालू होने से शहर में कूड़ा प्रबंधन की समस्या का स्थायी समाधान मिलने के साथ स्वच्छता रैंकिंग में भी सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# विकसित दिल्ली @2047 सम्मेलन में पहुंचे मेयर, रखे शहरी विकास के सुझाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** राजधानी दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित विकसित दिल्ली @2047 सम्मेलन में बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने भाग लेकर शहरों के समग्र विकास और बेहतर शहरी सेवाओं की जरूरत पर जोर दिया। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के शहरी विशेषज्ञों, महापौरों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया और वर्ष 2047 तक भारत के शहरों के विकास की दिशा पर मंथन किया।

सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में शहरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए जरूरी है कि नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जाए, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जाए और शहरी सेवाओं को आधुनिक व टिकाऊ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावी सुशासन, बेहतर बुनियादी सुविधाएं और योजनाबद्ध विकास ही शहरों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

महापौर ने सम्मेलन के दौरान बरेली शहर में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और शहरी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच शहरों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और बेहतर शहरी नीतियां अपनाने का अवसर देते हैं, जिससे स्थानीय निकायों को विकास की नई दिशा मिलती है।

सम्मेलन के दौरान महापौर उमेश गौतम ने रूसी शहरों के प्रतिनिधियों के साथ पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शहरी विकास में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान भी किया। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के नए अवसर खुलने की उम्मीद जताई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजया के. राहतकर उपस्थित रहीं, जबकि स्वागत संबोधन एआईआईएलएसजी के महानिदेशक जयराज फाटक ने दिया। सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भविष्य के शहरों को सतत, समावेशी और नागरिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### नगर आयुक्त ने विभागाध्यक्षों का वेतन रोका

बरेली। नगर निगम में लंबित जनशिकायतों और लापरवाही पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने सख्ती दिखाई है। निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल समेत कई विभागों के विभागाध्यक्षों का वेतन रोक दिया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि विभागों में पत्रावलियां अनावश्यक रूप से लंबित रखी जा रही हैं, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों और आवेदनों की स्थिति की रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन सोमवार तक किसी विभागाध्यक्ष ने जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। इस पर कार्रवाई करते हुए वेतन रोक दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई है कि जल्द रिपोर्ट न देने पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

# खेल रहे मासूम को कुत्तों ने नोचा, आंतें बाहर निकलीं

- अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नवाबगंज क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले से चार साल का मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। मुर्गी फार्म के बाहर खेल रहे बच्चे पर अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और उसे बुरी तरह नोच डाला। गंभीर हालत में बच्चे को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव अंबरपुर निवासी टिंकू ने बताया कि वह नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सतुईया स्थित एक मुर्गी फार्म पर परिवार के साथ मजदूरी करते हैं। रविवार को उनका चार वर्षीय बेटा बासू फार्म के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान आवारा कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया और अचानक बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्तों ने मासूम को जमीन पर गिराकर बुरी तरह नोच डाला।

हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के मुताबिक कुत्तों के हमले से मासूम की आंतें तक बाहर निकल आईं। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में घायल बच्चे को नवाबगंज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया। फिलहाल बरेली के निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद सोमवार को पीड़ित टिंकू अपने परिजनों के साथ एसडीएम उदित पंवार और विधायक डॉ. एमपी आर्य से मिले। उन्होंने प्रशासन से आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई और आर्थिक सहायता की मांग की। एसडीएम उदित पंवार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और पीड़ित परिवार को शासन के विवेकाधीन कोष से मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

### मुर्गी फार्म के आसपास मंडराते रहते हैं कुत्ते

ग्रामीणों का कहना है कि मुर्गी फार्म के आसपास लंबे समय से आवारा कुत्तों का झुंड घूमता रहता है। कई बार मुर्गियों या अन्य पशुओं की मौत के बाद कुत्ते उनका मांस खाते हैं, जिससे उनका व्यवहार और अधिक आक्रामक हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। घटना के बाद गांव में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आवारा कुत्तों को नहीं पकड़ा गया तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए, ताकि लोगों को इस खतरे से राहत मिल सके।

# योगी सरकार में खेत-खलिहान से बिकेगा गेहूं

- बरेली मंडल में 452 स्थायी और 44 मोबाइल क्रय केंद्र स्वीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय



| जिले | खाद्य विभाग | पीसीएफ | यूपीएसएस | पीसीयू | मंडी परिषद | नाफेड | एनसीसीएफ | एफसीआई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बरेली:- | 64 | 76 | 44 | 34 | 2 | 6 | - | 14 |
| बदायूं:- | 50 | 98 | 16 | 36 | - | 4 | - | 6 |
| पीलीभीत:- | 66 | 42 | 52 | 52 | - | 0 | 0 | 14 |
| शाहजहांपुर:- | 70 | 64 | 50 | 80 | 4 | 20 | 0 | 24 |

**बरेली।** किसानों की उनकी मेहनत का तत्काल लाभ दिलाने के लिये योगी सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए बरेली मंडल में 452 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जायेगी। सरकार ने इस बार खरीद प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए 44 मोबाइल क्रय केंद्रों की व्यवस्था लागू की है। इसके तहत किसान अपने खेत-खलिहान से ही गेहूं बेच सकेंगे। क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि नई व्यवस्था से किसानों को मंडियों तक जाने की परेशानी से राहत मिलेगी और खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व तेज होगी। इस बार बरेली मंडल में मोबाइल क्रय केंद्रों के जरिए खरीद टीम सीधे गांवों और खेतों तक पहुंचेगी। किसानों के गेहूं की मौके पर ही तौल कर खरीद करेगी। इससे खासकर छोटे और दूरदराज के किसानों को फायदा मिलेगा, जिन्हें अब मंडियों या खरीद केंद्रों तक ट्रॉली लेकर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे खरीद प्रक्रिया तेज होगी और किसानों को समय पर भुगतान मिल सकेगा।

### चार जिलों में गेहूं क्रय केंद्रों का ब्योरा

बरेली जिले में 107 स्थायी और 13 मोबाइल मिलाकर कुल 120 क्रय केंद्र संचालित होंगे, जबकि लक्ष्य 101 केंद्रों का था। बदायूं जिले में 89 स्थायी और 16 मोबाइल मिलाकर कुल 105 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य के बराबर हैं। पीलीभीत जिले में 110 स्थायी और 3 मोबाइल मिलाकर कुल 113 क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, जो लक्ष्य 108 से अधिक हैं। वहीं शाहजहांपुर जिले में 146 स्थायी और 12 मोबाइल मिलाकर कुल 158 क्रय केंद्र संचालित होंगे, जो लक्ष्य 154 से चार अधिक हैं। इस प्रकार पूरे बरेली मंडल में कुल 452 स्थायी और 44 मोबाइल यानी 496 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जाएंगे, जो निर्धारित लक्ष्य 468 से 28 अधिक हैं।

### समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2585 रुपये प्रति क्विंटल

योगी सरकार ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। समर्थन मूल्य से सरकारी खरीद को बढ़ावा मिलेगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी। बरेली मंडल के अंतर्गत आने वाले बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों में गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों को स्वीकृति दे दी गई है। खरीद व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विपणन विभाग, पीसीएफ, मंडी परिषद, एनसीसीएफ, नाफेड और एफसीआई समेत कई एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी जिलों में खरीद केंद्रों की तैयारी और व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसके लिए किसान विभाग की वेबसाइट fcs.up.gov.in पर पंजीकरण करा सकते हैं। क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि इस बार गेहूं खरीद को पूरी तरह किसान-हितैषी बनाने की कोशिश की गई है। अब तक मंडल में 10983 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द पंजीकरण करा लें। समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचकर सरकारी योजना का लाभ उठाएं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली/बहेड़ी।** क्षेत्र की किसानों और आम जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के नेताओं ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान समेत कई जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि ग्राम छितोनिया से अलीगंज होते हुए देवरेनिया नदी तक जाने वाले मार्ग पर बना छोटा पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है। बरसात के दौरान नदी का पानी पुल के ऊपर से गुजरता है, जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क कट जाता है। इससे किसानों को खेतों तक पहुंचने और बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों ने पुल और सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की।

इसके अलावा बहेड़ी स्थित केसर चीनी मिल पर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों का कहना है कि पिछले सत्र का करीब 146 करोड़ रुपये भुगतान अभी तक लंबित है, जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद भुगतान न होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भाकियू नेताओं ने रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने, मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने, नकटिया रोड पर अवैध बस और ई-रिक्शा स्टैंड को हटाने, खराब सड़कों की मरम्मत, नालों की सफाई और नगर में समुचित पार्किंग व्यवस्था की भी मांग उठाई।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

### आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

### एक नजर

#### नशे की हालत में कार चालक रेलिंग में घुसा, भर्ती

**धमोरा :** शहजादनगर में हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार चालक नशे की हालत में अपना आपा खो बैठा। जिसके चलते हाइवे पर हादसे का शिकार हो गया। घायल कार चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के सामने सोमवार की तड़के का है। मेरठ जिले के नारंगपुर थाना क्षेत्र स्थित समसपुर गांव निवासी अजय पुत्र जयपाल अपनी कार से एक दिन पूर्व किसी काम से शाहजहांपुर गया था। जब अजय सोमवार की तड़के अपने घर वापस लौट रहा था, शहजादनगर क्षेत्र में इंडियन पेट्रोल पंप के सामने हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है। अजय नशे की हालत में कार चला कर अपने घर लौट रहा था। तो रोड किनारे लगी रेलिंग में कार टकरा गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# टेट कानून अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

## यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन से जुड़े शिक्षक हुए एकत्रित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टेट कानून अनिवार्यता के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिला अध्यक्ष हेमलता सिंह व रामचंद्र जिला महामंत्री के नेतृत्व में सोमवार को मशाल जुलूस के साथ प्रदर्शन किया। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में जनपद के शिक्षक अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए उसके बाद मशाल जलाकर अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला।

यह जुलूस अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाला। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष हेमलता सिंह ने बताया कि टेट अनिवार्यता कानून को लेकर जनपद के शिक्षकों में रोष दिखाई दे रहा है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यह आश्वासन देता है कि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर भी किए जाएंगे। जनपद के सभी शिक्षकों से इस प्रकार के विरोध प्रदर्शन में प्रतिभाग करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर रवेंद्र गंगवार, दिगपाल गंगवार, महेंद्र गंगवार, सोमपाल, प्रेम शंकर, मदनलाल, जनेश, पृथ्वी सिंह, आकांक्षा गौतम, सुमन गंगवार, रेनू सिंह, आंचल चौधरी, लोकेश राजपूत, मंगल सेन, ओमवीर सिंह आदि ने भाग लिया।



मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

#### समय-समय पर शिक्षक कर रहे धरना प्रदर्शन

टेट कानून अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का धरना प्रदर्शन जारी है। समय-समय पर जिले भर के शिक्षक एकत्रित होकर बीएसए आफिस में धरना प्रदर्शन करते रहे हैं। पिछले दिनों भी शिक्षकों ने बीएसए ने ऑफिस में धरना दिया था। इसके अलावा शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था वहीं। अब शिक्षक पोस्टकार्ड भेजकर अपना विरोध जता रहे हैं। आंबेडकर पार्क में भी शिक्षक एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं।

## सड़क हादसों में मेरठ और मुरादाबाद का युवक घायल


मरीज का चेकअप करते ईएमटी दीपक कुमार।

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** मेरठ के नारंगपुर निवासी अजय कुमार कार से शाहजहांपुर गए थे। वहां से वह सोमवार की सुबह वापस घर जा रहे थे। कार में वह अकेले ही थे। जैसे ही उनकी कार शहजादनगर के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह कार के अंदर फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नजरपुर निवासी हेमवीर शहजादनगर थाना क्षेत्र स्थित मिर्जापुर में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर आए थे। वहां से सोमवार की देर शाम वापस जा रहे थे। रास्ते में फैजनगर के पास ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। दोनों ही हादसों के बाद मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के चालक प्रदीप कुमार और ईएमटी दीपक कुमार ने घायलों को उपचार केलिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# अजीमनगर में घर से लाखों की चोरी पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई


चोरी के बाद खाली पड़े डिब्बे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर :** अजीम नगर क्षेत्र में एक घर से लाखों रुपये की ज्वेलरी और नकदी चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नगला गणेश निवासी अरशद अली पुत्र सफदर अली ने अजीम नगर थाने में दी तहरीर में बताया कि यह घटना 15 मार्च रविवार रात को हुई। अरशद अली के अनुसार रात करीब 12:50 बजे जब परिवार के सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोर बिजली पोल के सहारे घर में घुस गए। चोरों ने सैफ अलमारी में रखी सोने की ज्वेलरी, जिसमें एक हार, दो चूड़ियां, माथे का टीका, कान की बालियां और कुंडल सहित तकरीबन छह तोला सोना चुरा ले गए।

इसके अतिरिक्त चोर 3000 रुपये नकद भी लेकर फरार हो गए। अरशद की पत्नी अरमाना की आंख करीब 1:30 बजे खुली, तो उन्होंने चोरी का पता चलने पर शोर मचाया। परिवार के अन्य सदस्य जागे, लेकिन तब तक चोर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पुलिस का छापा

## दो युवतियों और एक युवक को पुलिस ने पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर:** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पुलिस ने छापा मारकर दो युवतियों सहित एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस उसके बाद तीनों को थाने ले आई। जहां पुलिस युवक और युवतियों से पूछताछ कर रही है सिविल लाइंस क्षेत्र में होटल में युवक युवतियों को लाने का धंधा तेजी से चल रहा है।

सिविल लाइंस पुलिस को सोमवार सुबह सूचना मिली कि मालगोदाम तिराहे पर कुछ हिन्दू संगठन के लोग हंगामा कर रहे हैं। उसके बाद सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहां पर हंगामा कर रहे लोगों से पूछने पर पता चला कि दूसरे समुदाय का युवक दो युवतियों को लेकर आया है। उसके बाद पुलिस तीनों को थाने ले आई। जहां युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। जबकि दो युवतियों के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी है। युवतियां मुरादाबाद की बताई जाती है। लोगों का कहना है कि होटल का नाम गगनदीप है। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा था। युवक ने हिन्दु संगठन के लोगों से बचने का प्रयास किया, लेकिन उसके बाद भी पुलिस उसको थाने ले गई। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओमकार सिंह ने बताया कि गगन दीप होटल में हंगामे की शिकायत मिली थी। वहां से दो युवतियों और युवक को पकड़ा है। मामले की जांच की जा रही है।


गगन दीप होटल में हंगामे के बाद पसरा सन्नाटा। -जागरण मोर्चा

#### होटलों में युवतियों का आने का धंधा तेजी से चल रहा

शहर के अधिकांश होटलों में युवक और युवतियों के आने का सिलसिला चलता रहता है। सुबह से लेकर रात बाइकों और कारों में युवक युवतियों को लेकर आते हैं। पुलिस छापेमारी के नाम पर खानापूर्ति करते हैं। कई बार छापेमारी में पुलिस कई होटलों को सीज कर चुकी है लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस है। रात के समय होटलों में ज्यादा चहल पहल रहती है। एक-एक कमरें में चार से पांच युवतियां आकर रूकती है। इतना ही युवक और युवतियों को मेन गेट से जाने दिया जाता है जबकि दूसरे गेट से उनको उतारा जाता है।

## रिश्तेदारी से लौट रहे भाई बहन सड़क हादसे में जख्मी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, शाहबाद।** थाना क्षेत्र के मधुकर स्थित रिश्तेदारी से घर लौट रहे बाइक सवार भाई बहन सड़क हादसे में जख्मी हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

सोमवार को शाहबाद के जयडोली गांव निवासी मान सुख अपनी बहन अनीता के साथ बाइक पर सवार होकर मधुकर गांव से अपने घर जयडोली लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक के आगे बकरी आ जाने से दोनों भाई बहन मार्ग में गिरकर जख्मी हो गए। जिनको राहगीरों के द्वारा शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

# तेज हवा और बारिश के बीच हाई टेंशन लाइन में फिर हुआ ब्रेकडाउन

## 10 घंटे बाधित रही मसवासी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी:** रविवार की मध्य रात्रि तेज हवाओं के बीच बारिश होने से मौसम अच्छा हो गया है। वहीं हाईटेंशन लाइन में फिर ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 10 घंटे बाधित रही। जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मध्य रात्रि लगभग 1:30 बजे तेज हवाओं के बीच बारिश होने से एक बार तो मौसम सर्द हो गया लेकिन दिन के समय धूप निकल जाने से मौसम के तापमान में वृद्धि हो गई। तेज हवाओं से गेहूं की फसल भी जमीन पर लेट गई है। जिससे किसानों में मायूसी का माहौल है। तेज हवा से टांडा दढ़ियाल के बीच कई स्थानों पर एचटी लाइन के तारों पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गई। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सोमवार दोपहर 3 बजे तक भी बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं हो सकी। सुबह से ही बिजली कर्मी एचटी लाइन पर पेट्रोलिंग करते रहे कई स्थानों पर लाइन के तारों पर पेड़ों की टहनियों टूटी हुई थी। कड़ी मशक्कत के बाद बिजली कर्मियों ने फाल्ट को ढूंढ कर सही किया। तब जाकर बिजली आपूर्ति दुरुस्त हो सकी। बिजली आपूर्ति का अभाव में कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। जिससे क्षेत्रवासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। 10 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नगर क्षेत्र के लघु उद्योग धंधे भी प्रभावित रहे। गौरतलब है कि आए दिन हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो जाता है जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कई घंटे के लिए राम भरोसे हो जाती है। अगर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की हाईटेंशन लाइन पेड़ों के बीच होकर गुजर रही है जिस हवा का मामूली झोंका भी एचटी लाइन को प्रभावित कर देता है। ब्रेकडाउन होकर बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। उन्होंने बताया की ब्रेकडाउन दूर कर आपूर्ति दुरुस्त कर दी गई है।

# एमडी ने नवाब गेट डिवीजन का किया निरीक्षण

## गर्मी के मौसम में आपूर्ति को लेकर ली जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मेरठ से आए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने नवाब गेट डिवीजन का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बिजली कार्यों को लेकर कार्यालय में ही समीक्षा की। इसके बाद कार्यालय में बने अलग-अलग काउंटरों को चेक किया। अचानक उनके आने से बिजली विभाग के अधिकारियों में खलबली मची रही।

सोमवार को प्रबंध निदेशक रवीश कुमार नवाब गेट डिवीजन कार्यालय पहुंचे। पिछले दिनों शहर में बिजली विभाग द्वारा किए गए वर्टिकल सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कार्यालय में बने काउंटरों को देखा। उन्होंने गर्मी में उपभोक्ताओं को दिए वाली आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उपभोक्ताओं को आपूर्ति निर्बाध रूप से दी जाए। साथ ही उन्होंने राजस्व अभियान में तेजी लाने को कहा। वह 2 बजे रामपुर आए थे। इसके बाद वह 3:30 बजे चले गए। उनके अचानक आने से अधिकारियों की सांस अटकी रही। इस दौरान अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान, एक्सईएन पीके शर्मा, अनुराग सिंह समेत उपखंड अधिकारी भी मौजूद रहे।


नवाब गेट डिवीजन में अधिकारियों की बैठक लेते प्रबंध निदेशक।

#### अजीतपुर क्षेत्र की 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

33/11 केवी अजीतपुर द्वितीय उपकेंद्र की आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। क्योंकि फीडर द्वितीय की अनुरक्षण पेड़ो की टहनियों की कटाई-छटाई का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति पसियापुरा खेड़ा, नबीगंज, शादी की मंडैया, दीक्षित कॉलेज, रायपुर की आपूर्ति चार घंटे तक बंद रहेगी।

## दो पैनकार्ड मामले में 23 मार्च को होगी सुनवाई

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सजा के खिलाफ अपील पर सोमवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में 23 मार्च को सुनवाई होगी। विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैनकार्ड मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले में सपा नेता आजम खां और बेटे अब्दुल्ला आजम खां को सात -सात साल की सजा हो गई थी। जोकि मौजूदा समय में जिला कारागार में सजा काट रहे हैं। इस मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने सजा के खिलाफ अपील की थी। जिसमें सोमवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अब इस मामले में 23 मार्च को सुनवाई होगी।

**बैठक** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# पुलिस ने जनवरी से अब तक बिना लाइसेंस के 1858 वाहनों पर की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जनपद की सीमा के तहत मार्गवार सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए नए ब्लैक स्पॉट घोषित करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुरादाबाद से रामपुर आने-जाने वाले राहगीरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएं, जहां सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत साइनेंज बोर्ड, रोड मार्किंग, स्पीड ब्रेकर आदि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में ऐसे ग्रामीण अथवा अन्य लिंक मार्ग, जो मुख्य सड़कों से जुड़ते हैं, उन्हें भी चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित किया कि ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड ड्राइविंग तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त चालान एवं लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

समीक्षा के दौरान परिवहन विभाग द्वारा एआरटीओ ने बताया कि बिना लाइसेंस के 20 वाहन, स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 34 वाहन, बिना फिटनेस के 88 वाहन तथा प्रेशर हॉर्न लगे 46 वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की। पुलिस विभाग द्वारा जनवरी 2026 से अब तक बिना लाइसेंस के 1858 वाहनों तथा 30 अंडरएज ड्राइविंग के मामलों में प्रवर्तन की कार्रवाई की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते डीएम। -जागरण मोर्चा

# मैन्युअल गैस बुकिंग की अनुमति दे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन : आकाश

## रामपुर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** रामपुर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गैस बुकिंग में आ रही समस्याओं के चलते मैन्युअल गैस बुकिंग की अनुमति देने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने शहर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा है। साथ ही पुलिस अधीक्षक से बात की है। तकनीकी कमियों की वजह से गैस बुकिंग और सप्लाई में दिक्कतें आ रही हैं, जिसकी वजह से गैस एजेंसियों के गोदामों पर लोगों की भीड़ लग रही है। इससे जहां ग्राहक परेशान हो रहे हैं, वहीं गैस एजेंसी स्वामियों को भी समस्याओं का सामाना करना करना पड़ रहा है। इसी के चलते सोमवार को रामपुर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमित दिवाकर के नेतृत्व में जिले के सभी गैस एजेंसियों के स्वामी एकत्र होकर रामपुर सेवक कार्यालय आ गए। यहां उन्होंने शहर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन सौंपा।


विधायक को ज्ञापन देते रामपुर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

उनका कहना था कि इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनियों के सॉफ्टवेयर क्रैश कर गए हैं। जिस कारण ग्राहक न तो गैस की बुकिंग कर पा रहे हैं और न ही समय से डीएसी आ रही है। ऐसे में ग्राहकों को गैस देने में दिक्कत आ रही हैं, जिस कारण कंपनी की ओर से दो दिन मैन्युअल बुकिंग की अनुमति दे दी। इससे समस्या कुछ हद तक दूर हो गई, लेकिन डीएसी लॉक होने की वजह से फिर से वही समस्या हो गई है। इसी वजह से एजेंसी स्वामियों को भी परेशानियां हो रही हैं। इसके अलावा गैस एजेंसियों पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, जिस कारण अव्यवस्थाएं हो रही हैं।

गैस एजेंसी स्वामियों की पूरी बात सुनने के बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के एरिया मैनेजर से फोन के माध्यम से बात की और गैस एजेंसी संचालकों की समस्याओं को दूर करने के लिए कहा है। दोनों ही अफसरों से बात करने के बाद विधायक को सकारात्मक आश्वासन दिया है। इस अवसर पर शबाव खां, सुबोध अग्रवाल, अंकित जैन, शरद मोहन गुप्ता, शैलेंद्र गोयल, राजेन्द्र कुमार, तनवीर अहमद, विकल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 100 बच्चे आज होंगे रवाना

**रामपुर :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब रामपुर द्वारा एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन मंगलवार को सुबह 10 बजे गांधी समाधि से आनंदा मिल्क डेयरी लिमिटेड गजरौला के लिए किया जायेगा। भ्रमण में जनपद के 100 विद्यार्थी व विज्ञान शिक्षक जाएंगे। सुबह 10 बजे मुख्य विकास अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर गांधी समाधि से भ्रमण वाहन को रवाना किया जाएगा।

### मुख्य शाखा के हाल में होगी आज बैठक

**रामपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन की बैठक मंगलवार शाम को 5 :30 बजे मुख्य शाखा के हॉल में होगी। जिसमें बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री कामरेड नवींद्र कुमार सहित अनेक पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। क्षेत्रीय सचिव धनराज ने बताया कि संगठन की एकता का परिचय देते हुए बैठक में सभी पदाधिकारी समय से उपस्थित रहें। बैठक में रामपुर और संभल जनपद के सदस्य शामिल रहेंगे। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया जाएगा।



यूरो किड्स स्कूल में आयोजित शिविर में परीक्षण करते चिकित्सक।

# कांशीराम की जयंती पर लगाया गया चिकित्सा शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कांशीराम की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जनकल्याणकारी कार्यों का आयोजन किया।

कांशीराम कॉलोनी स्थित यूरो किड्स स्कूल में एक निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. अंजुम आरा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का गहन परीक्षण किया। शिविर में मुख्य रूप से दांतों की समस्या, स्किन चर्म रोग, शुगर मधुमेह और ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की। परीक्षण के बाद जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. अंजुम आरा ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का सबसे उत्तम तरीका नर-सेवा है। कांग्रेस पार्टी सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के स्वास्थ्य और उत्थान के लिए संकल्पित है। शिविर में डॉ. मेराज हुसैन,डॉ. इमरान आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों में 25 मार्च से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान

## सोशल मीडिया पर प्रत्येक विद्यालय को बनाना होगा अपना पेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग 25 मार्च से स्कूल चलो अभियान शुरू करेगा। वार्षिक परीक्षा और परिणाम वितरण के बाद प्रधानाध्यापक व शिक्षक घर-घर पहुंचकर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित करेंगे।

अभियान के दौरान अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), कायाकल्प योजना के तहत विकसित स्कूल भवन, खेल सामग्री और मिड-डे-मील की सुविधाओं से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। जिससे कि सत्र शुरू होते ही अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित हो सके। वर्ष 2025-26 में स्कूल चलो अभियान दो चरणों अप्रैल और जुलाई में चलाया गया था, जिले के 1596 स्कूलों में बच्चों के नामांकन की संख्या करीब 1.33 लाख है।




इस बार अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना पेज बनाना होगा। इस पेज पर स्कूल भवन, खेल मैदान, खेल सामग्री, मिड-डे-मील, छात्र सुविधाएं और अन्य गतिविधियों की जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों के सहयोग से अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का प्रयास किया जाएगा।विभाग ने अभी से रणनीति तैयार कर, उस पर अमल करना शुरू कर दिया है।

> अभियान को सफल बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशक सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान की नियमित निगरानी जिला स्तर से की जाएगी।
>
> –जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी

# जुमा-अलविदा के अवसर पर 20 मार्च को अवकाश घोषित करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः**उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिसमें 20 मार्च (शुक्रवार) को जुमा-अलविदा पर जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की गई है।



संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल और जिला मंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जनपद रामपुर गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक रहा है।यहां मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या पर्याप्त संख्या में निवास करती है। परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 50 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं।बताया कि रमजान माह का अंतिम शुक्रवार जुम्मा-अलविदा के रूप में मनाया जाता है, जो मुस्लिम समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर होता है। इस दिन हर वर्ष जनपद में अवकाश होता रहा है पर इस वर्ष नहीं हैं। इस दिन लोग मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा करते हैं, जिसके कारण विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी काफी कम रहती है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनपद की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों तथा विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 20 मार्च को जुमा-अलविदा के अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाए।

# स्कूल के ताले तोड़कर सामान चोरी, रिपोर्ट

**जागरण मोर्चा कार्यालय, धमोराः** शहजाद नगर थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव में बाहरी छोर पर सरकारी प्राथमिक स्कूल है। प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह शनिवार दोपहर स्कूल की छुट्टी के बाद मेन गेट में ताला लगाकर गए थे। सोमवार को स्कूल का मेन गेट का ताला टूटा मिला साथ ही स्कूल परिसर में बने ऑफिस का ताला तोड़कर पंखा व ऑफिस में रखे सामान पर हाथ साफ करते हुए उसमें रखे सरकारी दस्तावेज से छेड़छाड़ की है। जिसकी जानकारी प्रधानाध्यापक ने तहरीर के आधार पर शहजाद नगर पुलिस से की है। जिपुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इससे पूर्व भी इसी विद्यालय में शुक्रवार रात भी असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी व अभिलेख आदि आग के हवाले किए थे।

# अवैध चिकित्सीय कार्य करने वाले दो चिकित्सा प्रतिष्ठान सील


निरीक्षण के बाद कागजी कार्रवाई करते स्वास्थ्य अधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से चिकित्सीय कार्य करते पाए जाने पर हिन्द हेल्थ केयर, ज्वाला नगर रोड, एफसीआई गोदाम के पास, हनुमान मन्दिर के निकट, अजीतपुर रामपुर तथा फहीम मेडिकल एण्ड नर्सिंग होम, मदीना मस्जिद, ज्वालानगर रामपुर के चिकित्सकों,संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।निरीक्षण के बाद दोनों चिकित्सा प्रतिष्ठानों को नियमानुसार सील कर दिया है। उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इस दौरान निरीक्षण टीम में डॉ. सत्यप्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. देवेश चौधरी, नोडल अधिकारी (क्वैक्स), मोहम्मद आजम तथा विजय कुमार उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जिले में 28,643 किशोरियों को लगेगा एचपीवी वैक्सीन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जिले में 28,643 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत वे किशोरियां पात्र होंगी। जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन अभी 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से इससे बचाव संभव है। इसी उद्देश्य से जनपद में यह विशेष टीकाकरण अभियान 18 मार्च 2026 से जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर में प्रारम्भ किया जा रहा है। यह अभियान प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत किशोरियों को गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18) एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है।

बताया कि टीकाकरण के लिए अभिभावक अपनी किशोरियों के साथ उनका जन्म से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएं। अभियान के संबंध में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र किशोरियों (जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है) को एचपीवी वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं, जिससे इस महत्वपूर्ण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके।

# शैक्षिक गुणवत्ता और भौतिक परिवेश के लिए सक्रिय विद्यालय प्रबंध समिति अत्यावश्यक : मदन लाल

## परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य और सचिव के आपसी तालमेल के बिना शासन की योजनाओं को कार्यान्वित करना संभव नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकासखंड चमरौआ के ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व कस्तूरबा गांधी विद्यालय में गठित विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव व अध्यक्ष का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को उनके कार्यों व दायित्व से परिचित कराया। बताया की विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका प्रत्येक विद्यालय में अहम होती है। सभी सदस्य प्रत्येक माह आयोजित बैठक में प्रतिभाग करते हैं।


प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य एवं दायित्वों के बारे में बताते खंड शिक्षा अधिकारी। –जागरण मोर्चा


प्रशिक्षण में मौजूद विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं सचिव। –जागरण मोर्चा

विद्यालय के शैक्षिक व भौतिक वातावरण के बारे में अपनी जानकारी का आदान-प्रदान भी करते है। प्रशिक्षण में सन्दर्भ दाता डॉक्टर रूपा रानी, प्रसन्न प्रकाश, नरेश कुमार व अनिल कुमार शर्मा ने विद्यालय प्रबंध समिति का गठन व उनके सदस्यों के चयन के बारे में बताया। तथा यह भी बताया कि विद्यालय को प्राप्त होने वाली सभी मदवार धनराशि का कैसे कैसे उपयोग किया जाए। प्रशिक्षण में ए आर पी अरुण कुमार सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति को सक्रिय बनाए रखने के बिंदुओं पर से चर्चा की। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सचिव के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक और भौतिक वातावरण तैयार करने में अपने अनुभवों को साझा किया। अपने अनुभव के आधार पर उपस्थित अध्यक्ष एवं सचिवों का उन्मुखीकरण किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने बताया कि विद्यालय के समुचित रख रखाव एवं छात्र छात्राओं की नियमित उपस्थिति एवं ठहराव में विद्यालय प्रबंध समिति की महती भूमिका होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था फिरासत अली द्वारा की गई।

### यह लोग रहे मौजूद

पुष्पा, महेंद्र पाल, सतेंद्र सिंह, सरोज, होरी लाल, श्रीपाल, वीरेंद्र सिंह, कुसुम, भागवत शरण, गीता देवी, दीपचंद, ओम प्रकाश सिंह, छत्रपाल यादव, उमेश पाल सिंह, मेजर सिंह, अफरोज मियां, विद्या रानी, हरीबाला सुमन, शिव कुमार, शैलेन्द्र कुमार, मोहम्मद आरिफ, मीना शर्मा, शकुंतला आर्य, रामवती देवी, नवेद शम्सी, उमेश मोहन, इंदल सिंह, युद्धवीर सिंह, ममता वर्मा, शालिनी रावत, उरूसा महरुख, संगीता गोयल, आकांक्षा जोशी, अशोक रावत, सुषमा रानी आदि उपस्थित रहे।

**सहायता** 10 बेसहारा बच्चों के जीवन में लौटी उम्मीद की किरण

# छलक उठीं आंखें जब डीएम ने बढ़ाया मदद का हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार का नजारा उस वक्त बेहद भावुक हो गया, जब जिंदगी की दुश्वारियों और अपनों को खोने के गम से टूटे कुछ परिवार अपनी आखिरी आस लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के सामने पहुंचे।

किसी के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ चुका था, तो कोई असाध्य बीमारी से जूझते हुए अपने मासूम बच्चों के भविष्य को लेकर डरा हुआ था। ऐसे 10 बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों के लिए जिलाधिकारी एक अभिभावक की तरह आगे आए। उन्हें सरकारी योजनाओं का संबल देकर उनके मुरझाए चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी।



बच्चे को किताबों का बैग देते डीएम। –जागरण मोर्चा

जब ग्राम पनवड़िया के सुखवासी सिंह अपने बेटे मयंक को लेकर डीएम के सामने पहुंचे, तो उनकी आंखों में बच्चे के भविष्य की चिंता साफ झलक रही थी। ग्राम रजपुरा मिलक से आए भगवान दास अपने बेटे आयुष के साथ खड़े थे, वहीं सब्बू अपनी मासूम तब्बानूर को लेकर पहुंचे थे। इन परिवारों में रोजी-रोटी का इंतजाम करने वाला कोई नहीं बचा है। माहौल तब और गमगीन हो गया जब देवेन्द्र कौर अपने दो बेटोंकृ लवप्रीत और भीमसेन को लेकर आईं। पति के असामयिक निधन के बाद इस अकेली मां के लिए अपने बच्चों की परवरिश करना एक पहाड़ जैसी चुनौती बन गया था। इन हालात को सुनकर जिलाधिकारी ने तुरंत जिला प्रोबेशन अधिकारी को इन बच्चों की मदद करने के निर्देश दिए।

### बीमार मां की पीड़ा को मिला योजनाओं का मरहम

लता जब अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं, तो उनकी हालत देख वहां मौजूद लोगों का दिल पसीज गया। पति इस दुनिया में नहीं रहे और वह खुद अक्सर बीमार रहती हैं। ऐसे में मासूम डिग्गू और काव्या का भविष्य अंधकार में डूबता नजर आ रहा था। जिलाधिकारी ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए लता जी को शिवधवा पेंशन योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उनके दोनों बच्चों को शमुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का सहारा दिया गया, ताकि बीमारी और गरीबी उनके बच्चों का बचपन न छीन सके ।अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन मासूम चेहरों पर उम्मीद की नई रोशनी बिखेरी। स्पॉन्सरशिप योजना की संजीवनी 6 मासूम बच्चों को केंद्र सरकार की इस योजना से जोड़ा गया। अब इन बच्चों के खातों में शिक्षा और पालन-पोषण के लिए हर महीने 4000 रुपये की सहायता राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का सहारा बिचौला मिलक के अनम बी और मौनिस रजा समेत अन्य बच्चों को इस योजना से आच्छादित किया गया। इन बच्चों को अपना जीवन संवारने के लिए हर महीने 2500 रुपये की मदद दी जाएगी।

### छू गया वह पल, जब डीएम ने खुद दिए बस्ते और किताबें

कागजी कार्रवाइयों और आदेशों से परे, एक बेहद मार्मिक पल तब आया जब जिलाधिकारी ने इन उदास बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें स्कूल जाने के लिए अपने हाथों से बस्ते, कॉपी और किताबें दीं। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि इन बेसहारा बच्चों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। खाली हाथ और नम आंखों से आए ये परिवार जब कलेक्ट्रेट से लौटे, तो उनके चेहरों पर एक नई सुबह की उम्मीद थी।

# चार लोगों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय, टांडाः** दढ़ियाल के मोहल्ला रोशनी वाला निवासी शहनवाज ने पुलिस को बताया कि वह शाम को बाजार गया था। जहां जुएब निवासी मोहल्ला सुगरा मस्जिद, विवेक निवासी मोहल्ला रोशनी वाला, अंकुश निवासी निवासी मोहल्ला फत्तावाला व आदित्य निवासी मोहल्ला मिलक कस्बा दढ़ियाल ने घेर लिया। गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगे। जुएब ने शाहनवाज की नाक पर लोहे का मुठ्ठा, विवेक ने सिर में लोहे का कड़ा व अंकुश ने पीड़ित को पकड कर लातों व घूसों से पीटा।मारपीट के कारण शाहनवाज की नाक व सिर से खून बहता देख चारों आरोपी भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जुएब, विवेक, अंकुश व आदित्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुई वार्षिक परीक्षाएं


परिषदीय विद्यालय में परीक्षा देते बच्चे। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** सोमवार से परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं शुरु हो गई है। जिले में स्थित 1596 स्कूलों में पहले दिन दो पालियों में परीक्षाएं हुई। यह परीक्षाएं 20 मार्च तक चलेगी। जिसमें सोमवार को कक्षा एक के बच्चों की मौखिक परीक्षाएं हुई। 1596 स्कूलों में करीब एक लाख 33 हजार बच्चे हैं। जबकि सोमवार को करीब 98 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षाएं दी। पिछले दिनों बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करके शांति पूर्ण तरह से परीक्षाएं करने के आदेश दिए थे।

# ईद की नमाज से पहले अदा करें सदका ए फित्र: फैजान खां

जागरण मोर्चा कार्यालय


मौलवी फैजान उर्फ अब्दुल वहाब खां।

**रामपुर।** जामा मस्जिद के नायब इमाम ए शहर मौलवी फैजान उर्फ अब्दुल वहाब खां ने कहा कि ईद-उल-फितर की नमाज से पहले सभी मुसलमान सदका ए फित्र जरूर अदा करें,जो अफजल और बेहतर है। सदका ए फित्र का निसाब है कि दो किलो गेहूं या फिर उसकी कीमत 55 रुपये रखी गई है। अपने और अपने नाबालिग बच्चों की जानिब से 55-55 रुपये निकालकर गरीबों को तकसीम करें।

उन्होंने कहा कि सदका ए फित्र हर मुसलमान पर फर्ज नहीं। उन लोगों पर फर्ज है जो जकात अदा करते है या फिर उनके पास सोना-चांदी तो नहीं। लेकिन वह साहिब ए जायदाद है। तो उन पर सदका ए फित्र जरूरी है। मौलवी फैजान खां ने कहा कि सभी मुसलमान ईद की नमाज से पहले सदका ए फित्र जरूर अदा करें। आखिर में उन्होंने कहा कि रमजान का माह हमसे विदा होने वाला है रमजान में अल्लाह इबादत का सवाब 70 गुना कर देता है इसलिए सभी मुसलमानों को चाहिए कि इस माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें।

## नियमों के तहत ही ली जाए स्कूल फीस, डीएम ने दिए निर्देश

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर :** प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों द्वारा प्रतिवर्ष अभिभावकों के साथ प्रवेश के समय किताब, ड्रेस आदि के माध्यम से अधिक शुल्क के संबंध में शिकायत प्राप्त हो रही थी ।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देशित किया कि नियमानुसार ही निर्धारित शुल्क लिया जाए। पाठ्य पुस्तकों के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि अभिभावकों को विशेष निर्धारित दुकान से किताबें या ड्रेस खरीदने का दबाव न बनाया जाए। जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों के फिटनेस नियमानुसार और स्कूली वाहन चालकों का वेरिफिकेशन कि शत प्रतिशत पालन करे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्र करीब आते ही बाजार में बिकना शुरू हुआ पूजा का सामान

## 19 मार्च को होगा पहला नवरात्र, तैयारियां शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय


नवरात्र करीब आते ही दुकान पर रखा पूजा का सामान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** चैत्र नवरात्र करीब आते ही बाजार सजना शुरू हो गए हैं। चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों से लेकर घरों तक में साफ-सफाई, सजावट कराई जा रही है। इस दौरान लोगों ने पूजा पाठ के लिए सामान की खरीदारी शुरूकर दी है।भक्तों ने पूजन सामग्री,देवी की मूर्तियां, श्रृंगार आदि का सामान खरीदा।

चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं। जिसको लेकर बाजारों में तैयारियां शुरू हो गई है। ज्वालानगर और मिस्टनगंज में स्थित पूजा के सामान की दुकानें सज रही है। इसके अलावा मंदिरों से लेकर घरों में भी साफ सफाई का काम चल रहा है। ताकि नवरात्र शुरू होने तक मंदिरों को सजाया जा सके। बिजली की सजावट का काम भी किया जा रहा है। देवी मंदिरों में रौनक देखने को मिल रही है। नवरात्रों में मंदिरों में भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण भी होता है ।यह सिलसिला नौ दिन तक चलता है। पहले दिन घट स्थापना की जाएगी। नौ दिन तक भक्त अज्ञारी देकर माता की आराधना करते हैं।

**कलश स्थापना की जाती :** चैत्र नवरात्र में कलश स्थापना और नौ दिनों की पूजा के लिए मुख्य सामग्री में दुर्गा माता की प्रतिमा,लाल कपड़ा,कलश, जटा वाला नारियल,आम के पत्ते, रोली-चावल, अखंड ज्योत के लिए बड़ा दीपक, घी, कलावा, धूप-अगरबत्ती, कपूर, सोलह श्रृंगार, जौ, मिट्टी का पात्र (बोने के लिए) और फल-मिठाई शामिल किए जाते हैं।

**भक्त उपवास रखकर करते पूजा :** काफी संख्या में भक्त माता के नौ दिन के व्रत रखते हैं। जिसमें बहुत से भक्त फलाहार करते हैं।बहुत से भक्त पकौड़ियां खाते हैं। उसके बाद अष्टमी और नौवी को बच्चों को प्रसाद खिलाकर व्रत तोड़ते हैं। इस दिनों मंदिरों से लेकर घरों तक में भक्तों द्वारा हवन करवाया जाता है। ताकि परिवार में सुख शांति बनी रहे।

# डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रशासन ने जारी किए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की निरन्तर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर से निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुपालन में जनपद में प्रशासन, पुलिस एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।


जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने निर्देशित किया कि जनपद के उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया जाए। पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता के संबंध में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। एलपीजी के संबंध में भारत सरकार द्वारा अस्थायी रूप से घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। पारदर्शी वितरण के लिए ओटीपी के माध्यम से रिफिल डिलीवरी की व्यवस्था लागू की गई है। प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित भ्रामक संदेशों व वीडियो पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गैस सिलेंडर वितरण के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सिलेंडर परिवहन करने वाले वाहनों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। गैस एजेंसियों द्वारा कालाबाजारी,अवैध बिक्री, अनाधिकृत भंडारण अथवा ओवररेटेड पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पुलिस व खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करें।

इसके साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को गैस वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह भी निर्देशित किया है कि गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़-भाड़ की स्थिति न बनने दी जाए तथा उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि न ली जाए। जनसेवा केंद्रों द्वारा की जा रही गैस आपूर्ति पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।राजस्व, खाद्य एवं रसद विभाग तथा तेल कंपनियों के नोडल अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

# तीन किलोमीटर के दायरे में अंडरग्राउंड होगी विद्युत लाइन

## 12 करोड़ रुपए की लागत से हटाए जा रहे 1545 विद्युत पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय


विद्युत पोल। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद:** भमौरा- शाहबाद-बिलारी स्टेट हाईवे चौड़ीकरण के लिए रोड किनारे खड़े 1545 विद्युत पोलो को हटाने का काम चल रहा है। साथ ही साथ 3 किलोमीटर के दायरे में विद्युत लाइन को अंडरग्राउंड किया जा रहा है। जिसके लिए विभाग लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है।

शाहबाद शहर में दो प्रमुख रामपुर और बिलारी चौराहों पर विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड करने का काम चल रहा है। जिसके बाद सड़कों पर लटकी 33 हजार और 11 हजार की विद्युत लाइन जमीन के अंदर हो जाएगी। बताते चले कि शाहबाद के टांडा गांव से लेकर सैफनी तक विद्युत पोलो को हटाने का काम चल रहा है, गोंडा की एसएस इंटरप्राइजेज नामक कंपनी सड़क किनारे खड़े पोलो को हटाकर सड़क से दूर नए पोल लगा रही है। जिसके लिए लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। वही सैफ़नी और शाहबाद में 33 हजार की विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड किया जा रहा है। जेई नौशाद अली ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद के बिजलीघर से लेकर रामपुर चौराहे, बिजलीघर से डॉक्टर विजयपाल सिंह के क्लीनिक, और बिलारी तिराहे पर अंडरग्राउंड लाइन डालने का काम चल रहा है, कई जगहों पर लगभग 3 किलोमीटर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड की जा रही है। जेई नौशाद अली ने यह भी बताया कि सोमवार को एसडीओ अलंकृत मिश्रा और वह मौके पर भी चेक करने गए थे कि कंपनी कौन सा विद्युत पोल लगा रही है। बेहतर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बिना पाइप के डाली जा रही अंडरग्राउंड केबल को पाइप समेत डालने के निर्देश दिए गए है।

# वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन


बच्चों को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर:** उच्च प्राथमिक विद्यालय टेमरा में चल रहे वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया ।समापन समारोह में राजेंद्र सिंह बोरा बिलासपुर के खंड शिक्षा अधिकारी बिलासपुर के द्वारा बालिकाओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बीईओ ने कहा कि प्रशिक्षण बालिकाओं को आत्मनिर्भर ,निडर और अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक बनता है। यूपी सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाया जा रहा यह वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में साहस प्रदान करता है। जनपद रामपुर के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कंपोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 24 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है।

# मदीना मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरआन पाक, मुल्क की अमन-शांति के लिए की गई दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय


मस्जिद में कुरान मुक़म्मल होने पर मौजूद इमाम एवं लोग। -जागरण मोर्चा

**स्वार:** तहसील स्वार के गांव करीम पुर गर्बी स्थित मदीना मस्जिद में गुजिश्ता शब नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर दुआ में हिस्सा लिया।

मस्जिद के खतीब व इमाम मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने तरावीह में कुरआन पाक सुनाया, जबकि सुनने की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद अयान ने निभाई। कुरआन मुकम्मल होने के बाद मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने बयान करते हुए कहा कि कुरआन अल्लाह का कलाम है।अल्लाह ताला ने इसे पढ़ने के लिए आसान बना दिया है, इसलिए यह लोगों के सीनों में महफूज हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक छोटा बच्चा भी इसे आसानी से याद कर लेता है। उन्होंने रमजान के महीने की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह महीना रहमत और बरकतों का महीना है। इस दौरान लोगों को गरीबों और यतीमों का खास ख्याल रखना चाहिए, उन्हें कपड़े व अन्य जरूरी चीजें देकर मदद करनी चाहिए। साथ ही कुरआन की अजमत को समझते हुए उसका अदब और एहतराम करना चाहिए। अंत में मुल्क और मिल्लत की अमन-शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन, ग्राम प्रधान रिजवान हुसैन, हकीम शमशाद रजा, फिरासत अली, अख्तर अली, अफसर अली, साबिर प्रधान, कारी अली हुसैन, कारी कदीर, कारी बारिस, हाफिज वसीम, रुखशाद, डॉ. शहाब, शोएब अली, मोहम्मद काशिफ, हाशिम, फरमान, आमिर हुसैन, अमजद अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ईद के मद्देनजर पुलिस ने किया मस्जिदों का भौतिक सत्यापन


मस्जिदों के भौतिक सत्यापन के दौरान इमाम से जानकारी लेते कोतवाल प्रदीप कुमार।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद पुलिस ने शहर समेत क्षेत्र भर की मस्जिदों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान मस्जिदों में ईद की नमाज को लेकर चर्चा की गई वहीं लाउडस्पीकर की आवाज नियमानुसार रखने के निर्देश दिए।

कोतवाल प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के खांची वाली मस्जिद, सफेद मस्जिद, खटपुर की मोती मस्जिद, मस्जिद काजी, तकिया, बेदान की इलाही मस्जिद और मुस्तफा मस्जिद का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान मस्जिदों के जिम्मेदारों से ईद की नमाज को लेकर बातचीत की। वहीं ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील भी की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि त्यौहार पर शांति व्यवस्था कायम रखें, दूसरे की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुचाएं। भौतिक सत्यापन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में जाना गया। वहीं ईद की नमाज में कितनी भीड़ रहेगी, इसकी भी जानकारी ली।

# बाकर इंटर कॉलेज की टीम ने 14–11 से बमनपुरी स्टेडियम की टीम को हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देशन मे जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर बालक, बालिकाओं की वॉलीबॉल, कबड्डी एवं जूडो प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने वॉलीबॉल में सर्विस कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों को अपनाने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। जीवन में हार-जीत से सीखने की प्रेरणा मिलती है ।प्रतियोगिता में स्काई टच कॉन्वेंट स्कूल, ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, युवक मंगल दल नौगांव, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, राजकीय बाकर इंटर कॉलेज, आइडेंटिटी स्कूल, खेलो इंडिया सेंटर के प्रशिक्षु एवं स्थानीय खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिसमें जूनियर बालक वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने 3–2 सेट से युवक मंगल दल, नौगवां को हराकर विजेता का खिताब जीता। जूनियर बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बमनपुरी स्टेडियम की टीम ने राजकीय बाकर इंटर कॉलेज को 3-0 सेट से पराजित कर विजेता बनी ।जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में राजकीय बाकर इंटर कॉलेज की टीम ने 14–11 अंकों से बमनपुरी स्टेडियम की टीम को हराकर जीत दर्ज की। जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने पीवाईए क्लब की टीम को 19-6 अंकों से पराजित कर फाइनल मैच जीत लिया।

जूडो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम आयुष, द्वितीय हिमांशु खोलिया तथा तृतीय स्थान राजकुमार ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम वर्षा, द्वितीय लवी तथा तृतीय स्थान माही ने प्राप्त किया ।प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार एवं राष्ट्रीय वॉलीबॉल गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. अनूप कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सुनील यादव, सौरभ कुमार (खेलो इंडिया प्रशिक्षक), कृष्ण कुमार, अमरपाल यादव, प्रभुदयाल, मानवेन्द्र एवं पंकज सैनी ने निभाई ।इस अवसर पर प्रदीप कुमार गौतम महासचिव, पैरालंपियन संघ, फरहत अली हॉकी प्रशिक्षक, राहुल, राशिद मियां सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में चौकी के सामने कैंटीन का निर्माण शुरु

जागरण मोर्चा कार्यालय


कैंटीन निर्माण कार्य करते मजदूर।

**रामपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधा देने के लिए जल्द ही कैंटीन शुरू की जाएगी। इसके लिए अस्पताल परिसर में जगह पर कार्य शुरू करा दिया गया है। कैंटीन अस्पताल चौकी के पास बन रही है। इसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से किया जाएगा।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार कैंटीन का नाम प्रेरणा रखा जाएगा। इसका उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को स्वच्छ और उचित दरों पर चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराना है। साथ ही इस योजना के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी कैंटीन का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से होगा मिलेगा। सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि कैंटीन के लिए अस्पताल परिसर में स्थान चिन्हित हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी की ओर से प्रस्तावित स्थान का निरीक्षण किया जा चुका है। कैंटीन खुलने से मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों को अस्पताल परिसर में ही सस्ती और स्वच्छ खानपान की सुविधा मिल सकेगी, जिससे उन्हें बाहर भटकना नहीं पड़ेगा।

**आयोजन** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानों का हुआ उन्मुखी कार्यक्रम

# आपसी तालमेल से करें विद्यालय का संचालन : यूसुफ

जागरण मोर्चा कार्यालय


संगोष्ठी को सम्बोधित करते पूर्व विधायक अली युसूफ अली। -जागरण मोर्चा

**स्वार:** चमरौआ के पूर्व विधायक अली यूसुफ ने कहा कि शिक्षक जन प्रतिनिधियों के आपसी सहयोग एवं समन्वय से विद्यालय का संचालन करें। सोमवार को वह बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं जनप्रतिनिधियों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

नगर के बिलासपुर मार्ग स्थित शहनाई मैरिज हॉल में प्रधानों, सभासदों एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक अली युसूफ अली ने कहा कि शिक्षक जन प्रतिनिधियों का सम्मान करें। विद्यालय से संबंधित समस्याओं को साझा करें। विद्यालय के सफल संचालन में सहयोग मांगे। साथ ही उन्होंने कहा बच्चे देश का भविष्य होते हैं। उनके सर्वांगीण विकास में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएं। खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने कहा कि विद्यालय में शासन द्वारा कंप्यूटर लैब स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं। गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देने के संकल्प को दोहराया। निःशुल्क पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मौजे जूते, पका पकाया स्वच्छ एवं पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। खेल खेल में शिक्षा दी जा रही है। रोजगार परक शिक्षा पर खास जोर दिया जा रहा है। एआरपी नीतू सिंह ने नए सत्र में अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा। मुकेश कुमार ने कहा कि बच्चों के लिए विद्यालयों के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रधानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तहसीन आलम खां ने किया ।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश सिंह, सभासद हबीब अहमद, धनौरी सहकारी समिति के पूर्व सभापति शमशाद पाशा, गोविंद सिंह, नीतू सिंह, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश यादव, आनंद सिंह भंडारी, राज कुमारी विश्नोई, जमना रानी, रश्मि शर्मा, हेमराज सिंह, रेहान अली, सुख लाल सिंह, मोहम्मद आसिफ, रोहतास सिंह, अनुज कुमार, मुनव्वर अली, वीरेंद्र सिंह भाल, सोमपाल सिंह, लक्ष्मण गिरी, साबिर आदि मौजूद रहे।

## रमजान की तरह बाकी दिनों में भी नमाज कायम करें : दानिश

**जागरण मोर्चा कार्यालय, दढ़ियाल :** नगर की बगिया वाली मस्जिद में 26 वीं तराबी को कुरान पाक मुकम्मल हुआ ।इस दौरान वागिया वाली मस्जिद के इमाम मौलाना दानिश रजा ने कहा कि मुकद्दस रमजान में रोजा रखने,कुरान की तिलावत करने और नमाज की पाबंदी की । इसी तरह बाकी दिनों में भी नमाज कायम करे।

रविवार रात को नगर की बगिया वाली मस्जिद में तराबी के नमाज के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हुआ ।इमाम मौलाना दानिश रजा ने कुरान सुनाया, इमाम दानिश रजा ने कहा कि जिस तरह मुसलमानों ने रमजान में नमाज कायम की है इसी तरह बाकी दिनों में भी नमाज कायम करे। सभी मुसलमानों पर नमाज फर्ज है।

# रेबीज एक संक्रामक वायरल रोग: सीएमओ

जागरण मोर्चा कार्यालय


मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बोलते जिला सर्विलांस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि रेबीज के लक्षण प्रकट होने पर शत-प्रतिशत मृत्यु दर के साथ रेबीज सबसे घातक जूनोसिस में से एक है। रैबीज एक संक्रामक वायरल रोग है। मनुष्यों में लगभग 95-95 प्रतिशत मामलों में रेबीज ग्रसित श्वान का काटना जिम्मेदार होता है। लक्षण प्रकट होते ही यह घातक हो जाता है यह पूरी तरह रोकथाम योग्य है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, बीसीपीएम, एआरओ एवं स्टाफ नर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश, डॉ.नितेश कुमार, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ.ताहिर हाशमी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ.ताहिर हाशमी ने कहा कि किसी भी जानवर के काटने या खरोंच के घाव को अच्छी तरह साबुन और पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोया जाना चाहिए। तत्काल नजदीकी चिकित्सालय में परामर्श एवं रेबीज का सम्पूर्ण टीकाकरण कराएं। कहा कि जनपद के सभी चिकित्सा इकाइयों पर पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध है। एंटी रैबीज सीरम भी जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। रेबीज कुत्ते, बिल्ली, बंदर, घोड़े एवं अन्य गर्म खून वाले स्तनपायी जानवरों के काटने से हो सकता है।

## एक नजर

### समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न समस्याओं को लेकर काफी संख्या में कार्यकर्ता सोमवार को मंडल आयुक्त से मिले। जहां पर 11 जनवरी 2026 को वाल्मीकि सफाई कर्मचारी एकता महासम्मेलन में दिए ज्ञापन पर वार्ता हुई। जिलाध्यक्ष अजय राजवर ने बताया कि मंडल आयुक्त ने जल्द इन मांगो के पूर्ण होने का आश्वासन दिया और भरोसा दिलाया यदि मांगो पर ज्यादा बिलम्ब हुआ तों वह बिलम्बता पर स्वयं संज्ञान लेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री विशाल कमल वाल्मीकि व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली निवासी मुकेश कुमार पुत्र वेदराम का कहना है कि उसने थाना असमोली क्षेत्र के एक युवती से विवाह किया है। दोनों ने बिना किसी के दबाव में अपने स्वेच्छा से प्रेम विवाह किया है। मगर पत्नी के कुछ रिश्तेदार इस विवाह से खुश नहीं है। रविवार को पत्नी के कुछ रिश्तेदारों ने उसके साथ गाली-गलौज की। जब उन्हें समझाने का प्रयास किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है

# डीआईजी ने परेड में ली सलामी, पुलिस कर्मियों के भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता देखी

## डीसीआर कार्यालय, डायर 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम आदि का निरीक्षण किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोई में सोमवार को परेड का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज ने परेड की सलामी ली। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक किया गया।

परेड के उपरांत डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया गया। शस्त्रागार में रखे राजकीय शस्त्रों के रखरखाव को निर्देश दिए। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने राजकीय संपत्ति स्टोर रूम का निरीक्षण कर राजकीय संपत्ति से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। स्टोर में रखे सामान के रखरखाव के संबंध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस कर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिए संचालित भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की तथा साफ-सफाई रखने व भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने को निर्देश दिए। इसके बाद वह डीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम, कैंटीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों को चेक किया गया। उन्होंने स्नानघर, शौचालय, आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व उचित रखरखाव आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रिक अधिकारी व थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था के संबंध में गोष्ठी की गई। इस अवसर पर सीओ बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ चन्दौसी दीपक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में भोजन की गुणवत्ता चेक करते पुलिस उपमहानिरीक्षक।



पुलिस लाइन मे यातायात पुलिस से जानकारी करते पुलिस उपमहानिरीक्षक। -जागरण मोर्चा

# एसआई भर्ती परीक्षा के प्रश्न के उत्तर में पंडित शब्द के प्रयोग पर नाराजगी

## आरोपित पर कार्रवाई की मांग के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न के विकल्प में पंडित शब्द के इस्तेमाल पर समाज के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। साथ ही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने इस मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कवि माधव मिश्रा का कहना है कि एसआई भर्ती परीक्षा में अवसर के लिए बदल जाने वाले के लिए एक शब्द लिखिए प्रश्न पूछा गया था, जिसके जबाव के विकल्पों में अन्य नामों के साथ पंड़ित भी लिखा गया था। जिसको लेकर पूरे समाज में रोष है। इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करता है। क्योंकि यह ब्राह्मण समुदाय को अपमानित करने जैसा है। यह सब जान बूझकर किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी घूसखोर पंडित नाम से फिल्म बनाकर समाज के लोगों का अपमान किया गया था। इसके बाद एक आईएएस अधिकारी के बयान से भी समाज को ठेस पहुंची है।

उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार मिलकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में किसी भी समाज या वर्ग की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा। मिश्रा ने कहा कि समाज के सम्मान और गरिमा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एंटी रोमियों टीम ने महिलाओं एंव बालिकाओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षा व स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियों टीमों द्वारा सोमवार को मिशन शक्ति फेज-05 अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बलिकाओं को पंपलेट वितरित करके विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया।

अभियान में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । इसके साथ नगर के प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।




महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देती एण्टी रोमियो की टीम।

# प्राचार्य से लगाई वेतन दिलाने की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज के संविदा कर्मचारियों ने 4 माह से वेतन नहीं मिलने पर प्राचार्य को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि वह महाविद्यालय के संविदा कर्मचारी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उन्हें नवंबर व दिसंबर 2025 व जनवरी व फरवरी का वेतन महाविद्यालय द्वारा नहीं दिया गया है। जिससे परिवार आर्थिक स्थिति से जूझ रहा है।

वेतन न मिलने से अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। घर का राशन, बच्चों की पढ़ाई व फीस, गैस सिलेंडर, बिजली आदि का खर्चा तक नहीं हो पा रहा है। कई पर शिकायत के बाद भी वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे परिवार आर्थिक तंगी के साथ-साथ मानसिक तनाव व स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहा है।



अगर सोमवार तक वेतन नहीं मिलता है, तो संविदा कर्मचारी हड़ताल करने को बाध्य होंगे। शिकायती पत्र देने वालों में दिनेश सिंह, मुन्ना, अजय, राजेंद्र, गीता, विनीता गुप्ता, संजीव, पुष्पा देवी, महक राजन आदि शामिल रहे।

# चोरी व अवैध असलहा रखने के आरोप में दोषी को 7 वर्ष 2 माह का कठोर कारावास

## न्यायालय ने दोषी पर 4 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

जागरण मोर्चा कार्यालय


**चन्दौसी।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने बाइक चोरी व नाजायज हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को 7 वर्ष 2 माह का कठोर कारावास व 4 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त मामला जनपद संभल के थाना गुन्नौर से संबंधित है।

एचसीपी विजेंद्र सिंह द्वारा आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा कि 9 जनवरी 2017 को वह थाना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव को लेकर वाहन चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग करते-करते वह गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव लहरा नगला श्याम पहुंच गए। जहां मुखबिर ने सूचना कि चोरी की बाइक व अवैध असलहा के साथ दो युवक आ रहे थे। जब बाइक नजदीक आई तो मुखबिर ने इशारा करा, तो पुलिस ने बाइक इशारा देकर रुकवा ली।

इसके पर बाइक के पीछे बैठा युवक पुलिस को देख फरार हो गया। पुलिस द्वारा उसे पकड़ने का प्रयास किया गया मगर वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने दोपहर 2 बजे बाइक चालक को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम फूल सिंह निवासी गांव रिजवाना थाना गुन्नौर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पौनिया देवी 12 बोर बरामद की। भागने वाले युवक को अपना भाई नेमपाल बताया। जबकि बाइक चोरी की बताई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने व उसके भाई नेमपाल ने गाजियाबाद से चोरी करना बताया। साथ में उसने कम्प्यूटर व उसके उपकरण भी चोरी किए थे। उसने पुलिस को अपने घर ले जाकर माल भी बरामद करा दिया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना आरंभ कर दी। इसके बाद पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दिया। उक्त मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायलाय में चला। जिसमें न्यायालय ने आरोपी फूल सिंह को उक्त मामले में दोषी पाते हुए उसे 7 वर्ष 2 माह का कठोर कारावास व 4 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# अखंड ज्योति रथ यात्रा पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



गंगा तट पर गंगा मैया की आरती करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बबराला।** गंगोत्री से गंगासागर तक जा रही मां गंगा की चरण पादुका एवं अखण्ड ज्योति रथ यात्रा सोमवार की शाम बबराला पहुंचा। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर स्वागत किया और मां गंगा के जयकारों लगाए। यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए राजघाट गंगा घाट पहुंची। जहां गंगा आरती में यात्रा से जुड़े संत-महात्मा और श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां गंगा की चरण पादुका और अखण्ड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसके बाद यात्रा आगे के लिए प्रस्थान कर गई। आयोजक देवदत्त शर्मा, योगेंद्र सिंह यादव व मनीष गुप्ता ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य मां गंगा के प्रति आस्था, स्वच्छता और जनकल्याण का संदेश देना है।

# भाकियू टिकैत ने तहसील गेट पर किया 4 घंटे धरना प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## 27 मार्च को बिचेटा चौराहा पर भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता की होगी किसान मजदूर संवाद पंचायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनिटन टिकैत के तहसील में धरना प्रदर्शन को लेकर सोमवार की सुबह 11 बजे से ही किसान पहुंचना आरंभ हो गए। दोपहर 12 बजे तक तहसील परिसर में हजारों की संख्या में किसान पहुंच गए। भाकियू टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन हुआ। जिसमें किसानों की समस्याओं को रखा गया। इसके बाद शाम 4 बजे तहसीलदार रवि सोनकर को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा कर समस्या के समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा है कि तहसील क्षेत्र में अंश निर्धारण में भारी त्रुटियां हैं, जिसका निस्तारण गांव स्तर पर कैंप लगाकर किया जाए। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसानों की स्वेच्छा के बिना जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं, जो रीडिंग में बहुत तेजी से जंप मार रहे हैं। बिना स्वेच्छा के किसी भी किसान के यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाए। तहसील क्षेत्र में तमाम अविवाहित दाखिल खारिज पेंडिंग पड़े हैं। जिनका निस्तारण शीघ्र किया जाए। विक्रेता पर लोन से ज्यादा मालियत की जमीन शेष हैं, तो उसका दाखिल खारिज किया जाए। चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिन किसानों की जहां अधिक भूमि हैं वहां से हटाकर उनके चक कम भूमि वाले खेत पर लगाया जा रहा है, जबकि उनका चक वहीं लगाना चाहिए, जहां उसकी अधिक भूमि हो। तहसील क्षेत्र में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में आमजन को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिस जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र को तहसील से लेटर 3 दिन में लगाना चाहिए, वह तहसील के द्वारा 3 से 6 माह में लगाया जा रहा है। प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाने के नाम पर ब्लाक तहसील स्तर पर भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। तहसील क्षेत्र में राशन कार्ड में यूनिट काटने का बड़ा खेल चल रहा है। आपूर्ति विभाग में निजी कर्मियों की भरमार है, जो राशन कार्ड से यूनिट काटने व सुविधा शुल्क लेकर दोबारा यूनिट जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। जिसको तत्काल प्रभाव से रोका जाए। रजिस्ट्री कार्यालय में कोई भी बैनामा बिना सुविधा शुल्क लिए नहीं किया जा रहा है। यदि कोई किसान इस सुविधा शुल्क को देने से इंकार करता है, तो उसका बैनामा रोक दिया जाता है व उसे तरह-तरह से परेशान किया जाता है। रजिस्ट्री कार्यालय में लिए जा रहे अतिरिक्त शुल्क को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बेरनी व डारनी विद्युत उपकेंद्र जो कि संभल जनपद में स्थित हैं व चन्दौसी डिवीजन के बहुत नजदीक है। जबकि विद्युत वितरण खंड प्रथम मुरादाबाद से संचालित है, दोनों विद्युत केंद्रों को चन्दौसी डिवीजन से संचालित कराया जाए। आलू का किसान बदहाल है सरकार को आलू की खरीद की व्यवस्था करनी चाहिए व आलू की भी एसपी घोषित की जाए। पिछली बार धान व बाजरा की खरीद में किसानों को रजिस्ट्रेशन एवं उसके सत्यापन में जो समस्या आई थी, अब की बार गेहूं व मक्का की खरीद में उसकी व्यवस्था पहले ही की जाए ताकि किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 27 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की किसान मजदूर संवाद पंचायत बिचेटा चौराहा पर होनी है। जिसकी सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर चंद्रपाल सिंह यादव, महेश यादव, मानपाल सिंह यादव, रामवीर सिंह, राजेश मौर्य, उदयवीर सिंह, राजपाल सिंह यादव, शिव नारायण सिंह, अंकित ठाकुर, निर्भय सिंह, देशराज सिंह, गायत्री यादव, राहत जहां हाजी अजीम सिद्दीकी, योगेंद्र सिंह, फिरोज नबी, महावीर सिंह, रामाशंकर शर्मा, अरविंद यादव, बृजेंद्र, नरेश राघव, संजीव शर्मा, योगेंद्र यादव, कल्यान सिंह, रामखिलाड़ी, दिनेश यादव, योगेश प्रधान, स्वराज सिंह आदि मौजूद रहे।




तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**आराधना** — माता रानी सच्चे मन से मांगी गई मन्नत हमेशा पूरी करती है, मंदिर पर नवरात्र व होली के बाद चार मंगलवार को पूजा-अर्चना के साथ लगता है मेला

# प्राचीन सिद्धपीठ बगिया वाली देवी मंदिर की दूर-दूर तक है ख्याति


जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बगियावाली देवी मंदिर प्राचीन सिद्धपीठों में से एक है। माता रानी से सच्चे मन से मांगी गई मुरादें अवश्य पूरी होती है। मंदिर में छह दशकों कों से पुजारी स्व. पंडित रामभरोसे लाल के परिवार द्वारा की जा रही है। वर्ष में आने वाले दो नवरात्र व होली के बाद चार मंगलवार को जात लगाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पर पहुंचे हैं।

मान्यता है कि माता रानी से घर-परिवार व बच्चों की सुरक्षा के लिए महिलाओं द्वारा जात लगाई जाती है। 6 दशकों से मान्यता चलाई आ रहे हैं। सीता आश्रम स्थित बगियावाली देवी मंदिर बहुत प्राचीन है। 6 दशकों से एक ही परिवार माता रानी की सेवा करता चला आ रहा है। जिसमें पुजारी स्व. पंडित राम भरोसे लाल के परिवार द्वारा की जाती रही है। उनके बाद उनकी पत्नी स्व. त्रिवेदी देवी ने माता रानी की सेवा की। उनके बाद उनके पुत्र पंडित सुरेंद्र चंद्र शर्मा ने मंदिर की सेवा की। उनके द्वारा ही नवदुर्गा मंदिर निर्माण करा मंदिर को भव्य रूप दिलाया गया। अब उनके पुत्र पंडित मुनीष भारद्वाज के साथ ही उनके पुत्र जयशिव भारद्वाज व ध्रुव भारद्वाज द्वारा मंदिर की सेवा की जा रही है। मंदिर परिसर में दूर-दराज से नवविवाहित दंपति पूजन के लिए व नवजात शिशु के माता-पिता अपने बच्चों का मुंडन कराने व जात लगाने आते हैं। माता रानी उनके हर मन्नतें पूरी करती है। निःसंतान दंपति भी अपने बच्चे के प्राप्ति के लिए माता रानी की पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर में होली के बाद चार मंगलवार को जात लगाने की परंपरा है। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं अपने बच्चों के साथ मंदिर पहुंचती है और माता रानी की पूजा-अर्चना करती है। इसके अलावा मंदिर परिसर में अनेकों परिवार विवाह से पहले व बाद में विभिन्न अनुष्ठान निशुल्क करते हैं।



मंदिर में पूजा-अर्चना को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। -जागरण मोर्चा



माता रानी की प्रतिमा। -जागरण मोर्चा

# खाना नहीं बनाने पर बेटे ने सिर पर हथौड़ा मारकर की सौतेली मां की हत्या

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बहजोई (संभल)।** बहजोई की दुर्गा कॉलोनी निवासी शमीम बानो (42) की सौतेले बेटे आतिफ उर्फ आदिफ (20) ने शनिवार की रात सिर पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात मां के खाना न बनाने के कारण हुई। आतिफ के पिता मुराद ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। लोगों का कहना है कि सौतेली मां से आए दिन युवक का विवाद होता रहता था। लकड़ी का कारोबार करने वाले मुराद ने बताया कि वह शनिवार की रात को इशा की नमाज पढ़ने के लिए गए थे। रात को 11 बजे घर लौटे तो पत्नी खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थीं।

# डीएम व एडीएम ने की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर/न्यायालय, राजस्व, चकबंदी वाद एवं चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने आबकारी की रैंक सुधार को लेकर निर्देश दिए। बाट माप विभाग को पेट्रोल पंप के सत्यापन को लेकर निर्देशित किया गया। औषधि निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि रैंक खराब न हो यह ध्यान रखा जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग को लाइसेंस लंबित न रहे इसके निर्देश दिए। एआरटीओ को निर्देश दिए कि ट्रेड सर्टिफिकेट लंबित न रहे। धारा 80 को लेकर 45 दिन से ऊपर लंबित वाद को लेकर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। धारा 34 एवं धारा 24 तथा धारा 67 व 116 को लेकर चर्चा की गई। कहा कि संबंधित को रैंक में सुधार किया जाए। रैंक में सुधार न होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। विभिन्न विभागों की वसूली एवं आरसी को लेकर भी चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने अवशेष वाद को लेकर कहा कि अवशेष वाद दिसंबर माह से कम होने चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम चन्दौसी आशुतोष तिवारी, एसडीएम संभल निधि पटेल, एसडीएम गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, नीतू रानी, वंदना मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# रास्ते में खेल रहे बालक पर अचानक गिरी दीवार, मासूम की हुई मौत

## परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही किया शव का अंतिम संस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर में रविवार शाम घर के बाहर रास्ते में खेल रहे यूकेजी के छात्र पर अचानक दीवार गिर गई। गंभीर रूप से घायल छात्र की मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



अश्वनी का फाइल फोटो।

जानकारी के मुताबिक गांव निवासी राहुल सिंह का 8 वर्षीय बेटा अश्वनी घर के बाहर रास्ते में खेल रहा था। मोहल्ले के चार-पांच बच्चे कुछ दूरी पर खेल रहे थे। इस दौरान राहुल के घर की दीवार अचानक अश्वनी पर गिर गई। अश्वनी मलबे में दब गया। कुछ दूरी पर खेल रहे दूसरे बच्चों ने शोर मचा दिया। आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने अश्वनी को मलबे से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल अश्वनी को परिजन उपचार के लिए मेरठ ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन शव घर ले आए। देर शाम बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दो भाइयों में बड़ा अश्वनी गांव के स्कूल में यूकेजी का छात्र था। मां लज्जावती का रोते-रोते बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि पक्की दीवार में रविवार सुबह बरसात के दौरान पानी भर गया था, जिसके चलते हादसा हुआ। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।



परिजन विलाप करते हुए । -जागरण मोर्चा

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत, दो युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला :** दो बाइकों की टक्कर में एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दो युवक घायल हो गए। टक्कर मारने वाला आरोपी युवक बाइक सहित फरार हो गया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने सीएचसी से शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को करीब छह बजे थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी मुकेश का 25 वर्षीय पुत्र विनोद गांव निवासी अतुल व आशु के साथ भटटे पर घोड़ी को चारा डालने जा रहा था। उसके पिता भी शादी ब्याह की बग्घियों में घोड़ी चलाते हैं। बताते हैं कि विनोद और उसके दोनों साथी जब गांव से कुछ दूर निकलकर हाइवे पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अजय व आशु को भी चोट लगीं। हादसे के बाद आरोपी तो बाइक लेकर फरार हो गया, मगर आसपास के लोगों की मदद से घायलों को पास के ही निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर एक घायल को तो भर्ती कर लिया गया जबकि विनोद की हालत गंभीर होने पर उसे तुंरत सीएचसी भेजा गया। सीएचसी में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार की महिलाएं रोती बिलखतीं हुईं सीएचसी पहुंच गए।

पुलिस ने शोक संतृप्त परिजनों को समझा बुझाकर विनोद के शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा। विनोद की मां कौशल देवी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। बताते हैं कि विनोद अपने परिवार में बड़ा बेटा था, जबकि उसका एक छोटा भाई है। वहीं बताते हैं कि टक्कर मारने वाला आरोपी रखेड़ा गांव का निवासी है और डीजे बजाने का काम करता है। पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने सौंपा ज्ञापन, घरेलू गैस की होम डिलीवरी कराने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** घरेलू गैस किल्लत को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौप कर गैस की होम डिलीवरी कराने की मांग। काफी दिनों से जनता घरेलू गैस की किल्लत से परेशान है वही सुबह से उपभोक्ता सिलेंडर लेकर एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े हो जाते हैं और गैस मिलने का इंतजार करते हैं।

उपभोक्ताओं की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सोपा ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की घरेलू गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। इसके लिए एजेंसी पर गैस का वितरण बंद कर कर प्रत्येक उपभोक्ता के घर पर होम डिलीवरी कराई जाए।

इसी के साथ उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द गैस की होम डिलीवरी शुरू नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव, डॉ पूजा चौधरी, नीरज शर्मा,मनोज गोयल,टेकचंद खड़गवंशी, गिरीश पाल सिंह, नन्हे सिंह सैनी,कविता सैनी,जाकिर हुसैन, सरफराज आदि मौजूद रहे।

## भाकियू बीआर अंबेडकर ने ज्ञापन सौंपकर नगर में आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के द्वारा उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर तहसील क्षेत्र में एक अस्पताल को आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की अनुमति प्रदान करने की मांग की।

तहसील क्षेत्र में किसी भी अस्पताल में शासन द्वारा जारी किए गए आयुष्मान कार्ड से उपचार न होने से परेशान ग्रामीणों के साथ मिलकर भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया की शासन जहां गरीब एवं किसानों के फ्री उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। लेकिन तहसील क्षेत्र में किसी भी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से उपचार नहीं किया जाता जिसके कारण जनता परेशान है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक अस्पताल को आयुष्मान कार्ड से उपचार करने की अनुमति दी जाए। इसी के साथ उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए दवा का छिड़काव कराने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी, देवेंद्र सैनी, दीपक गुर्जर, अरविंद जाटव, कुलदीप भारती, रूप सिंह खड़गवंशी, सोनू गुर्जर, अशोक, मयंक, अक्की कसाना आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

## पीछे से बस में टाटा मैजिक घुसने से हाईवे पर फैली मैली



जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** हाईवे पर सीओ ऑफिस के सामने मैली लदी टाटा मैक्स आगे चल रही रोडवेज बस में घुसने से उछलकर मैली हाईवे पर फैल गई। टाटा मैजिक का चालक उसमें फंस गया। उसे बाहर निकाला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर मैली लदी टाटा मैजिक को हाईवे से हटवाया। दमकल कर्मियों ने हाईवे पर फैल गई मैली को साफ किया। कुछ देर के लिए वाहनों के पहिए थम गए। जाम जैसे हालात बन गए।

## बाबा खाटू श्याम का भव्य कीर्तन,भजनों पर झूमे भक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रविवार की देर रात्रि नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में एकादशी पर्व के अवसर पर एक भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया।

बाबा खाटू श्याम का विधि विधान से पूजन कर कीर्तन का शुभारंभ किया गया कीर्तन में बाहर से आए कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जिस पर कीर्तन में उपस्थित भक्त झूमने को मजबूर हो गए। वहीं देर रात तक बाबा का गुणगान भक्तों द्वारा किया गया और अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी पप्पू गिरी द्वारा बताया गया कि हर एकादशी पर्व पर बाबा का कीर्तन कराकर प्रसाद का वितरण किया जाता है। कीर्तन के दौरान सतवीर गिरि,महेश शर्मा,देवेंद्र शर्मा,संजीव शर्मा, पप्पू गिरी, गिरजा शंकर बंसल, रामपाल प्रजापति सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



कीर्तन में उपस्थित भक्त। -जागरण मोर्चा

## चेयरमैन एवं ईओ ने सफाई कर्मचारियों को किया वर्दी का वितरण





सफाई कर्मचारियों को वर्दी का वितरण करते चेयरमैन एवं ईओ। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों को वर्दी का वितरण किया और जल्द ही अन्य सामग्री का वितरण करने का आश्वासन दिया।

शासन के निर्देश अनुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्थाई सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों को वर्दी का वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह द्वारा एक-एक करके सफाई कर्मचारी एवं सफाई नायकों को वर्दी का वितरण किया गया, वर्दी पाकर सफाई कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। चेयरमैन राजपाल सैनी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार पालिका प्रशासन द्वारा स्थाई सफाई कर्मचारियों को वर्दी का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भारतीय किसान संघ ने बैठक के बाद सौंपा ज्ञापन

## हर घर नल हर घर जल योजना के तहत गांव में खड़ी पानी की टंकी सफेद हाथी बनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान संघ की मासिक पंचायत तहसील परिसर के निकट स्थित कृषि कार्यालय में संपन्न की गई। बैठक के बाद जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सोपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि आपूर्ति विभाग द्वारा अनेक पात्र राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं। जांच कर पात्र राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड जुड़वाते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। हर घर नल हर घर जल योजना के तहत गांव में पानी की टंकी बनवाई गई है। वह केवल सफेद हाथी की तरह खड़ी है उन्हें शीघ्र चालू कर कर शुद्ध पानी घर-घर तक पहुंचाया जाए। ताकि ग्रामीण बीमारियों से बच सके।

बिजली घर ताहरपुर के गांव में अघोषित बिजली कटौती सुबह और शाम को की जा रही है। जिससे ग्रामीणों के साथ बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती को समाप्त किया जाए, उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तन के कारण पनप रहे मच्छरों से गांवों में बुखार, मलेरिया जैसी भयंकर बीमारियां फैल सकती है। गांव में दवाइयों का छिड़काव अतिशीघ्र कराया जाए। तहसील क्षेत्र के गांव सकतपुर करनपुर में किसान राजवती पत्नी कमल सिंह की भूमि की ठिया बंदी की गई थी। जिसके तहत पड़ोसी से भूमि प्राप्त हुई थी। उसे दोबारा जांच करा कर पड़ोसी किसान से मिलकर भ्रष्टाचार के चलते काम कर दिया गया है। भूमि पूरी करने के नाम पर 8500 रुपए लेने के बाद भी पीड़ित की भूमि पूरी नहीं हुई है। और ना ही रिश्वत के रुपए वापिस किए गए हैं। संबंधित पर तुरंत कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, चंद्रप्रकाश शर्मा, यशवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे ।



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा। -जागरण मोर्चा

## कार सवार युवकों पर फायरिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रजबपुर(अमरोहा)।** थाना क्षेत्र में कार सवार दो युवकों पर दिनदहाड़े फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

यह घटना 23 फरवरी को हुई थी। थानाक्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी ब्रजपाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनका बेटा जतिन अपने दोस्त निशांत कुमार निवासी गांव सदरपुर के साथ कार से रजबपुर किसी काम से गया था।

काम निपटाकर दोनों जब वापस गांव लौट रहे थे, तभी झनकपुरी में अरुण के घर के पास पहले से घात लगाए बैठे प्रियांशु निवासी गांव हाफिजपुर ने उन पर दो फायर कर दिए। हालांकि, इस हमले में दोनों युवक बाल-बाल बच गए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। तभी से पुलिस प्रियांशु की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में शनिवार को रजबपुर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी प्रियांशु गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया है। यह तमंचा वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी से शकरपुर गांव की ओर जाने वाली नहर की पटरी के पास एक पॉलीथिन में लिपटा मिला था।

## तेज हवा से जमीन पर गिरी गेहूं की फसल, किसान दुखी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला में रात चली तेज हवा ने गेहूं की फसल को जमीन पर गिरा दिया है। जिनकी हाल में ही सिंचाई की गई थी, उस खेत में नुकसान अधिक हो गया है। शनिवार और रविवार को मौसम ने पलटी मारी।

रविवार को दिन में हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। रात को तेज हवा चली। इस हवा ने गेहूं की अगैती और अधिक बढ़ने वाली किस्म की फसल को अधिक नुकसान पहुंचाया है। वह जमीन पर पूरी तरह बिछ गई। एक खेत में दूर-दूर तक फसल जमीन पर गिरी हुई दिखाई दे रही है। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. एके मिश्र का कहना है कि फसल को गिरने से बचाने के लिए शाम के बाद ही सिंचाई करें। जब हवा चल रही हो, उस वक्त सिंचाई करने से बचना चाहिए।

## घर के बाहर खड़ी निजी बैंक प्रबंधक की कार चोरी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, गजरौला।** मुरादाबाद के एक निजी बैंक में तैनात प्रबंधक की कार घर के सामने से चोरी हो गई। बता दें कि नगर के बुध बाजार निवासी जयवीर सिंह शनिवार के अवकाश में घर पर आए हुए थे। वह मुरादाबाद की एक निजी बैंक की शाखा में रिलेशन मैनेजर के पद पर कार्य करते हैं। बीती शाम वह अमरोहा अपने साले की लगन में सम्मिलित होने अमरोहा गए थे। वहां से आने के बाद उन्होंने अपनी कार को दुकान के बाहर खड़ी कर दिया और सोने चले गए। सुबह के समय यहां पर कार नहीं थीं। कार गायब होने की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने डॉयल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस ने बैंक प्रबंधक को शीघ्र ही कार बरामद कराने का भरोसा दिया है।

# 17 साल के शाहनवाज अकरम ने सुनाया कुरान-ए-करीम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसपुर।** स्थानीय मोहल्ला अफ़ग़ानान निवासी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के प्रतिनिधि मौ.अकरम के छोटे पुत्र हाफिज शाहनवाज अकरम (17वर्ष) ने अपनी पहली मेहराब (तरावीह) सहसपुर के मोहल्ला चौधरियान में स्थित मोती मस्जिद में रविवार की रात (25वां रोजा) को तरावीह कुरान ए करीम मुकम्मल सुनाया। पत्रकार मोहम्मद अकरम लगभग 32 वर्षों से दैनिक समाचार पत्रों (अख़बारों)के प्रतिनिधि भी है।





सहसपुर की मोती मस्जिद में कुरान ए करीम को सुनाया हाफिज शाहनवाज अकरम ने और मोती मस्जिद के इमाम मौलाना तसलीम अहमद ने करान ए पाक सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। इस मौके पर मोती मस्जिद के इमाम मौलाना तसलीम अहमद ने अकीदतमंदों को सम्बोधित करते हुए कुरान ए करीम की अजमत और फायदे की अहमियत के बारे में बताया। इस रूहानी मजलिस में मोती मस्जिद में अकीदतमंदों को खिताब करते हुए मौलाना तसलीम अहमद ने कुरआन पाक की तिलावत (पढ़ने)के फायदे गिनाए तथा कुरआन की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि कुरआन आसमानी किताब है, जो सारी दुनिया को आपस में मोहब्बत और भाईचारा कायम करने का दर्स देता है। एक-दूसरे की मदद और हमदर्दी करने और हर गलत काम से बचने की हिदायत करता है। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि तरावीह पूरे महीने पढ़ी जाएगी, और रमजान के बाद भी कुरान की तिलावत और नमाज कायम रखना और हर बुरे काम नशाखोरी, शराब नोशी सभी तरह के जरायम से बचकर रहना चाहिए। मां-बाप अपनी औलाद स्वयं ख्याल रखें। ज्यादा देर रात बाहर जाने पर रोक लगाई वह वजह बाहर ना घूमें।

वक्त बड़ी अनमोल चीज है इसकी अहमियत समझ। मौलाना तसलीम ने बताया कि हर दिन अलविदा है इसीलिए हमें वक्त की अहमियत वक्त की कदर करनी चाहिए। अपने हम वतनी (भारतीय) भाइयों से आपस में मौहब्बत, प्यार और खुलूस से पेश आओ, सभी के मजहबों का एहतराम करो। हमें किसी भी धर्म की निंदा नहीं करनी चाहिए।

इसी प्रकार आपस में भाईचारा कायम रहेगा। बयान के बाद सभी के हाथ दुआ के लिए उठे, मौलाना तसलीम अहमद ने पूरी दुनिया में अमन शांति कायम करने, आपसी भाईचारा मोहब्बत बनाए रखने, गुनाहों की माफी, गुनाहों से बचने के लिए, मां-बाप की इज्जत एहतराम करने के लिए अल्लाह की बारगाह में दुआ कराई। इस मौके पर हाजी अलाउद्दीन, कारी वहाजुद्दीन (उस्ताद मदरसा माआरिफ उल उलूम) हाफिज ज़िशान अंसारी, परवेज आलम,एड.ज़ीशान ए आलम, डॉक्टर मेराजुद्दीन अंसारी, मास्टर युसूफ,हाजी युनुस, बाबू भाई, शादाब सहसपुरी, मुनव्वर सहसपुरी, शमीम अहमद, हाजी अय्यूब, हाजी याकूब, मौ.फैसल आदि अकीदतमंद रहे।

## सम्पादकीय

# मुनाफाखोरी की बीमारी, दुस्साहस में नहीं आई कोई कमी

अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध से ऊर्जा संकट के कारण देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी बढ़ गई है। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू होने के बावजूद, प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह जारी है।

इस पर तनिक भी आश्चर्य नहीं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते ऊर्जा आपूर्ति का संकट उभरते ही देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई। यद्यपि सरकार ने इसे रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया, पर लगता नहीं कि इससे जमाखोरों और मुनाफाखोरों के दुस्साहस में कोई कमी आई है। इसका प्रमाण यह है कि उनके खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए।

कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलिंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। इनमें कुछ नेता और अन्य प्रभावशाली लोग भी हैं। इसी तरह उन मुनाफाखोरों की गिनती करना भी कठिन है, जो महंगे दामों पर रसोई गैस सिलिंडर बेच रहे



थे। ऐसे तत्वों की सक्रियता का एक कारण संबंधित अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत भी होती है। वे भी बहती गंगा में हाथ धोने लगते हैं और इस तरह आम जनता एवं सरकार का संकट बढ़ाते हैं।

अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है।

ऐसा लगता है कि कुछ लोग सदैव इसकी ताक में रहते हैं कि कब किसी वस्तु के उत्पादन अथवा उसकी आपूर्ति में कमी के आसार दिखें तो वे खुद को जमाखोर में तब्दील कर मुनाफाखोरी करें। आपदा को अपना धंधा बनाने वाले ऐसे लोग सभ्य समाज के शत्रु ही कहे जाएंगे। चूंकि नैतिकता और सदाचार की कमी के चलते जमाखोरी और कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है, इसलिए आवश्यक केवल यह नहीं कि रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया जाए।

आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की सजा देने का प्रविधान है, लेकिन आखिर कितने ऐसे मुनाफाखोर हैं, जिन्हें सात वर्ष की सजा मिलती है? अधिकतर तो येन-केन-प्रकारेण बिना किसी दंड के छूट जाते हैं या फिर मामूली जुर्माना देकर बच निकलते हैं।

उचित यह होगा कि ऐसे लोगों को ऐसी कठोर सजा दी जाए, जो नजीर बने। गंभीर मामलों में जमाखोरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए। इससे ही मुनाफाखोरों के होश ठिकाने आएंगे और वे जमाखोरी से बाज आएंगे।

# ऐतिहासिक घटनाएं

- 1998 – चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन अगले कार्यकाल के लिए पुन: राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1999 – फैंटम जैसे हास्य चरित्र के जनक लियोन ली फ़ाक का निधन।
- 2003 – ग्रीन स्मिथ दक्षिण अफ़्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।
- 2004 – रूस में नौ मंजिला इमारत में विस्फोट, 21 मरे। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफ़ी अन्नान ने सुपाचयी पानिचपकड़ी को अंकटाड का नया अध्यक्ष नामांकित किया।
- 2006 – चुनाव के तीन महिने बाद ईराक की नयी संसद ने शपथ ग्रहण की।
- 2007 – एक ओवर में छह छक्के लगाकर दक्षिण अफ़्रीका के हर्शेल गिब्स ने विश्व रिकार्ड बनाया।
- 2008 – मुद्रास्फीति विगत नौ महीने के उच्चतम स्तर 5.11 फ़ीसदी पर पहुँची। परवेज मुशर्रफ़ ने पाकिस्तान में सज़ा-ए-मौत पा चुके भारतीय नागरिक सबरजीत सिंह के डेथ वारंट पर दस्तखत किये। वेन जियावाओ को दुबारा चीन का प्रधानमंत्री चुना गया।
- 2009 – विदेश मंत्रालय में विशेष सचिव सरत सब्बरवाल पाक में भारत के नये उच्चायुक्त नियुक्त हुए। शिवालिक वर्ग के तीन स्टाल्थ फ्रिगेटो में अमेरिकी इंजनों को लगाने पर अमेरिकी प्रशासन ने रोक लगाई।

## 16 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1958 – बिपिन रावत – भारत के प्रथम 'चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़' थे।
- 1956 – तनुश्री शंकर – भारतीय शास्त्रीय नर्तकी हैं।
- 1938 – अली मानिकफ़ान – भारतीय समुद्री शोधकर्ता, इकोलॉजिस्ट और शिपबिल्डर हैं।
- 1693 – मल्हारराव होल्कर – इंदौर के होल्कर वंश का प्रवर्तक थे।
- 1901 – पोट्टि श्रीरामुलु – गाँधी जी के अनुयायी स्वतन्त्रता सेनानी थे।
- 1901 – पी. बी. गजेन्द्रगडकर – भारत के भूतपूर्व सातवें मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1906 – अम्बिका प्रसाद दिव्य – भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार।
- 1916 – दयाकिशन सप्रू – हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक तथा फ़िल्म निर्माता थे।

## 16 मार्च को हुए निधन

- 1990 – विट्ठल सखाराम पागे – भारत के जाने-माने स्वतन्त्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ थे।
- 1963 – एम. पी. शास्त्री – भारत के भूतपूर्व दूसरे मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1957 – पी. एस. कुमारस्वामी राजा – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1947 – अयोध्यासिंह उपाध्याय – प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार
- 1955 – विजयानन्द त्रिपाठी – प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार।

## विशेष आलेख

# भविष्य की दुनिया में सादगी का आखरी ठिकाना



प्रो. आरके जैन



भविष्य की कल्पना करते ही एक ऐसी दुनिया सामने आती है जहाँ जीवन का लगभग हर पहलू इंटरनेट से जुड़ा होगा। घर, सड़कें, स्कूल और अस्पताल—सब कुछ डिजिटल नेटवर्क के सहारे चलेगा। मनुष्य का दैनिक जीवन मानो एक विशाल स्क्रीन में सिमटता जाता दिखेगा। लेकिन इसी तेज़ और तकनीक से भरे भविष्य के बीच एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल लहर से थोड़ी दूरी बनाए खड़ा होगा। यह गाँव इंटरनेट के बिना भी उतना ही जीवंत और सक्रिय रहेगा। यहाँ तकनीक की कमी को अभाव नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय माना जाएगा। यह स्थान आधुनिक सभ्यता के बीच एक शांत द्वीप जैसा होगा, जहाँ मनुष्य अपने मूल स्वभाव के करीब लौटकर जीवन को बिना कृत्रिम शोर के सच्चाई से महसूस कर सकेगा।

इस गाँव की सुबह आधुनिक शहरों से बिल्कुल अलग होगी। यहाँ दिन की शुरुआत मोबाइल अलार्म या सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन से नहीं, बल्कि प्रकृति के सहज संगीत से होगी। सूरज की पहली किरण खेतों पर पड़ते ही धरती की नमी से उठती सुगंध वातावरण को भर देगी। पक्षियों की चहचहाहट लोगों को जगाएगी और ठंडी हवा दिन का स्वागत करेगी। लोग जागते ही किसी स्क्रीन की ओर नहीं झुकेंगे, बल्कि खुले आकाश को निहारेंगे। किसान मौसम का हाल किसी डिजिटल ऐप से नहीं, बल्कि बादलों की चाल, हवा की दिशा और मिट्टी के स्पर्श से समझेंगे। बच्चों की सुबह भी अलग होगी; वे स्कूल जाते समय रास्ते में खेलते हुए, पेड़ों की छाया में हँसते हुए आगे बढ़ेंगे। उनके हाथों में मोबाइल नहीं, बल्कि किताबें, कापियाँ और अनगिनत जिज्ञासाएँ होंगी।

इस गाँव का सामाजिक जीवन मानवीय संवाद की सच्ची गर्माहट से भरा होगा। यहाँ बातचीत किसी चैट विंडो में टाइप किए गए शब्दों से नहीं, बल्कि आमने-सामने की मुस्कान और आँखों की चमक से होगी। शाम ढलते ही लोग अपने-अपने काम से लौटकर चौपाल या आँगन में एकत्रित होंगे। वहाँ दिन भर की घटनाएँ साझा की जाएँगी, हँसी-मजाक होगा और कभी-कभी गंभीर चर्चा भी। बुज़ुर्गों का अनुभव इस समाज की सबसे बड़ी धरोहर होगा। बच्चे उनके पास बैठकर लोककथाएँ सुनेंगे, जीवन के छोटे-छोटे सूत्र सीखेंगे और अपने अतीत से जुड़ाव महसूस करेंगे। यहाँ ज्ञान किसी सर्वर में बंद नहीं होगा, बल्कि लोगों की स्मृतियों, अनुभवों और परंपराओं में जीवित रहेगा।

आर्थिक दृष्टि से भी यह गाँव आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगा। इंटरनेट के अभाव में यहाँ ऑनलाइन बाज़ार नहीं होगा, लेकिन स्थानीय कारीगरों और किसानों की मेहनत से गाँव की ज़रूरतें पूरी होंगी। कुम्हार के चाक पर घूमती मिट्टी से सुंदर बर्तन बनेंगे, बुनकर के करघे से रंगीन कपड़े निकलेंगे और किसान की मेहनत से खेतों में अन्न की हरियाली लहराएगी। लोग अपने आसपास के लोगों से वस्तुएँ खरीदेंगे और इस लेन-देन में केवल पैसा ही नहीं, बल्कि विश्वास और अपनापन भी शामिल होगा। इस तरह यह गाँव एक ऐसे आर्थिक ढाँचे को जन्म देगा जहाँ स्थानीयता और सहयोग सबसे बड़े मूल्य होंगे।


प्रकृति इस गाँव के जीवन का केंद्र होगी। जब लोग स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी से दूर होंगे, तब उन्हें प्रकृति की सूक्ष्म सुंदरता को देखने का समय मिलेगा। वे रात के आकाश में तारों की अनगिनत कतारों को पहचानेंगे और चाँद के बदलते आकार में समय का प्रवाह महसूस करेंगे। नदी का शांत बहाव उन्हें धैर्य और निरंतरता का पाठ पढ़ाएगा, जबकि पेड़ों की छाया उन्हें संतुलन और शांति का महत्व समझाएगी। यहाँ प्रकृति केवल देखने की चीज़ नहीं होगी, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होगी। इंटरनेट की अनुपस्थिति में भी ज्ञान का प्रकाश कम नहीं होगा, क्योंकि प्रकृति स्वयं एक विशाल पुस्तक की तरह सबके सामने खुली होगी।

इस गाँव का सांस्कृतिक जीवन भी अत्यंत समृद्ध होगा। यहाँ त्योहार केवल औपचारिक आयोजन नहीं होंगे, बल्कि सामूहिक उल्लास और परंपरा का जीवंत रूप होंगे। जब किसी घर में शादी होगी तो पूरा गाँव उसकी तैयारी में शामिल होगा। मेलों और उत्सवों में लोकगीत गूँजेंगे, नृत्य होगा और लोगों के बीच आपसी स्नेह का वातावरण बनेगा। यहाँ मनोरंजन किसी स्क्रीन पर चलने वाले कार्यक्रमों से नहीं, बल्कि सामूहिक अनुभवों से मिलेगा। लोग मिलकर गाएँगे, कहानियाँ सुनाएँगे और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेंगे। इस वातावरण में अकेलापन कम होगा, क्योंकि हर व्यक्ति खुद को समुदाय का अभिन्न हिस्सा महसूस करेगा।

फिर भी यह गाँव अज्ञान या पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं होगा। यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की महत्ता को पूरी तरह समझा जाएगा। लोग नई खोजों और विचारों के प्रति खुले रहेंगे, लेकिन वे यह भी समझेंगे कि तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल बनाना है, उसे नियंत्रित करना नहीं। इसलिए इस गाँव के लोग अपने जीवन में एक संतुलन बनाए रखेंगे। वे यह स्वीकार करेंगे कि इंटरनेट एक उपयोगी साधन हो सकता है, परंतु जब वही साधन मनुष्य के समय, ध्यान और मानसिक शांति को छीनने लगे, तब उससे दूरी बनाना भी बुद्धिमानी है।

जब पूरी दुनिया तेज़ तकनीक और इंटरनेट के जाल में उलझी होगी, तब कहीं एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल बंधन से मुक्त रहेगा। यह विचार हमें गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करता है कि प्रगति का वास्तविक अर्थ क्या है। क्या विकास केवल उन्नत तकनीक और हर पल जुड़े रहने वाली आभासी दुनिया में ही सीमित है, या वह जीवन भी उतना ही मूल्यवान है जिसमें मनुष्य अपने रिश्तों, संवेदनाओं और प्रकृति से गहराई से जुड़ा रहता है। ऐसा गाँव यह संदेश देगा कि आगे बढ़ने का अर्थ अपनी सरलता और मानवीय मूल्यों को खो देना नहीं है। इंटरनेट के बिना भी यह स्थान सिद्ध करेगा कि जीवन की सच्ची शक्ति आज भी मनुष्य के हृदय, उसकी करुणा और आपसी विश्वास में ही निहित है।

# समय-चेतना की वैज्ञानिक संरचना पर आधारित है भारतीय पंचांग



प्रो सुरेश कुमार अग्रवाल

समय केवल घड़ी की सुइयों का अनुशासन नहीं है; वह ब्रह्मांडीय गति का जीवंत प्रतिबिंब है। मनुष्य ने जब से आकाश की ओर देखा है, तभी से उसने सूर्य की यात्रा, चन्द्रमा की कलाओं और नक्षत्रों की नि:शब्द गति में समय का रहस्य पढ़ना आरम्भ किया। यही प्रयास आगे चलकर कैलेंडर और पंचांग जैसी समय-गणना प्रणालियों के रूप में विकसित हुआ। आज विश्व-समाज जिस ग्रेगोरियन कैलेंडर को समय-निर्धारण का सार्वभौमिक मानक मानता है, वह मुख्यत: प्रशासनिक सुविधा और ऐतिहासिक संशोधनों का परिणाम है; किन्तु भारतीय परंपरा में विकसित पंचांग समय को केवल तिथियों के क्रम में नहीं, बल्कि खगोलीय लयों के वैज्ञानिक सामंजस्य में समझने का प्रयास है।

पंचांग समय का बहुआयामी विज्ञान है। सामान्यत: प्रचलित कैलेंडर जहाँ केवल दिनांक और वार की सूचना देता है, वहीं भारतीय पंचांग पाँच मूलभूत अंगों पर आधारित है—तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण। इन्हीं पाँच तत्वों के कारण इसे 'पंचांग' कहा गया। यह केवल तिथियों की सूची नहीं, बल्कि सूर्य और चन्द्रमा के सापेक्षिक स्थान, नक्षत्रीय विभाजन, ग्रह-स्थितियों और काल-खंडों की सूक्ष्म खगोलीय गणना का जीवंत दस्तावेज है।

भारतीय खगोल-चिंतन में आकाश को 27 नक्षत्रों में विभाजित किया गया है। चन्द्रमा लगभग 27.3 दिनों में पृथ्वी की परिक्रमा करता है, और इसी गति के आधार पर आकाशीय पथ को नक्षत्रों में बाँटा गया है। प्रत्येक नक्षत्र लगभग 13ए20' का विस्तार लिए हुए है—जो गणितीय सटीकता का परिचायक है। तिथि सूर्य और चन्द्रमा के कोणीय अंतर पर आधारित है। जब दोनों एक ही देशांतर पर होते हैं तो अमावस्या, और जब 180ए के अंतर पर होते हैं तो पूर्णिमा होती है। 360ए को 30 भागों में विभाजित करने पर प्रत्येक 12ए के अंतर से एक तिथि निर्मित होती है।

सूर्य एवं चन्द्रमा के संयुक्त अंशों से 27 योग निर्मित होते हैं, जबकि तिथि के आधे भाग को करण कहा जाता है। एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का काल 'वार' कहलाता है—जो पृथ्वी की वास्तविक गति पर आधारित है। सप्ताह में सात दिन होने का वैज्ञानिक आधार है। भारतीय परंपरा में समय-गणना नौ ग्रहों पर आधारित है—सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु। राहु-केतु छाया ग्रह माने गए हैं, इसलिए मुख्य सात ग्रहों के आधार पर सप्ताह के सात दिन निर्धारित किए गए। दिन-रात को मिलाकर 'अहोरात्र' कहा गया, जिसे 24 'होरा' में विभाजित किया गया। 'अहो' और 'रात्रि' के संयोग से 'होरा' शब्द बना। ग्रहों के होरा-क्रम के आधार पर ही वारों का नामकरण हुआ—प्रथम होरा जिस ग्रह का, उस दिन का नाम उसी पर आधारित। इस प्रकार रविवार, सोमवार, मंगलवार आदि की संरचना खगोलीय गणना का परिणाम है, न कि केवल सांस्कृतिक परंपरा का।

वर्ष में बारह महीने का आधार भी वैज्ञानिक है। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा लगभग 365.25 दिनों में करती है, जबकि चन्द्रमा पृथ्वी की लगभग 12 परिक्रमाएँ करता है। यही कारण है कि वर्ष में 12 महीनों की व्यवस्था की गई। भारतीय पंचांग में सौर वर्ष सूर्य की गति पर एवं चन्द्र वर्ष चन्द्रमा की गति पर आधारित है। चन्द्र वर्ष लगभग 354 दिन का होता है, जो सौर वर्ष से लगभग 11 दिन कम है। इस अंतर को संतुलित करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष में 'अधिक मास' जोड़ा जाता है। यह खगोलीय विसंगति के वैज्ञानिक समाधान का अद्भुत उदाहरण है।

## लघुकथा

# बेटी

'छुट्टी की बड़ी समस्या है दीदी, पापा अस्पताल में नर्सों के सहारे हैं!' भाई से फोन वार्ता समाप्त होते ही सुमी तुरन्त अटैची तैयार कर बनारस से दिल्ली चल दी। अस्पताल पहुँचते ही देखा कि पापा बेहोशी के हालत में बड़बड़ा रहे थे। उसने झट से उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, एहसास दिला दिया कि कोई है, उनका अपना। हाथ का स्पर्श पाकर जैसे उनके मृतप्राय शरीर में जान-सी आ गयी हो। वार्तालाप घर-परिवार से शुरू होकर न जाने कब जीवन बिताने के मुद्दे पर आकर अटक गयी। एक अनुभवी स्वर प्रश्न बन उभरा, तो दूसरा अनुभवी स्वर उत्तर बन बोल उठा— 'पापा, पहला पड़ाव आपके अनुभवी हाथ को पकड़ के बीत गया। दूसरा पति के ताकतवर हाथों को पकड़ बीता और तीसरा बेटों के मजबूत हाथों में बीत गया।'

'चौथा ...! वह कैसे बीतेगा, कुछ सोचा? वही तो बीतना कठिन होता है बिटिया।'

'चौथा आपकी तरह!'

'मेरी तरह! ऐसे बीमार, नि:सहाय!'

'नहीं पापा, आपकी तरह अपनी बिटिया के शक्तिशाली हाथों को पकड़, मैं भी चौथा पड़ाव पार कर लूँगी।'

'मेरा शक्तिशाली हाथ तो मेरे पास है, पर तेरा किधर है?' पिता ने मुस्कुराकर पूछा।

'नानाजी...' तभी अंशु का सुरीला स्वर उनके कानों में पड़ा जो पूरे कमरे को संगीतमय कर गया।

## हेल्थ टिप्स

# बॉडी डिटॉक्स के लिए इन चीजों का करें सेवन

कोई भी त्योहार खुशियों और स्वादिष्ट पकवानों से भरा होता है। इस खास मौके पर घरों में कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। लोग इस दिन जमकर खाते-पीते हैं और खूब मौज-मस्ती करते हैं। हालांकि, त्योहारों के दौरान अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। इन पकवानों में बहुत घी, तेल और चीनी होती है, जो पाचन पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में, त्योहार के बाद शरीर को हल्का महसूस करने के लिए डिटॉक्स करना जरूरी हो जाता है। अगर आपने भी होली पर ज्यादा खा लिया है, तो कुछ आसान उपाय अपनाकर शरीर को डिटॉक्स कर सकते हैं। तो आइए, जानते हैं डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवानन से जानते हैं होली के बाद



शरीर को डिटॉक्स कैसे करें –

**पानी ज्यादा पिएं:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सबसे जरूरी है। पानी शरीर से हानिकारक तत्वों और टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने की आदत डालें। इसके अलावा, आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ डिटॉक्स प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है।

**डिटॉक्स ड्रिंक्स पिएं:** होली के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप होममेड डिटॉक्स ड्रिंक्स भी पी सकते हैं। आप खीरा, पुदीना और नींबू की डिटॉक्स ड्रिंक बनाकर पी सकते हैं। इसके लिए आप एक जार में पानी डालें। इसमें खीरे, पुदीने और नींबू के टुकड़े डालें। इस पानी को रातभर ऐसे ही छोड़ दें और सुबह पानी को छानकर इसका सेवन करें। इस डिटॉक्स ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में जमा सारी गंदगी और विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

**हल्का भोजन करें:** होली के बाद कुछ दिनों तक भारी और तला हुआ भोजन न खाएं। इसके बजाय हल्का और घर का बना भोजन जैसे सूप, खिचड़ी, दाल-चावल और उबली हुई सब्जियां खाएं। इससे पाचन तंत्र को आराम मिलेगा और आंतों को साफ होने में भी मदद मिलती है।

**व्यायाम और योग करें:** होली के बाद बॉडी डिटॉक्स करने के लिए व्यायाम या योग करें। हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या योगाभ्यास करने से न केवल शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं, बल्कि यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। इससे शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और ताजगी बनी रहती है।

**ग्रीन टी का सेवन करें:** बॉडी को शरीर करने के लिए आप ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
मेष राशि वालों के चारों ओर आज का वातावरण काफी खुशनुमा रहेगा और कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और मजबूत होगा। संतान की पढ़ाई से जुड़ी जो परेशानियां कुछ समय से चल रही थीं, उन्हें आप बातचीत और समझदारी से सुलझाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहना जरूरी रहेगा।

### वृष
आज का दिन सुखद अनुभव देने वाला रहेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे थे, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करके धन उधार देना आपके लिए परेशानी खड़ी देगा।

### मिथुन
आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। पैसों से जुड़े किसी भी निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा और यदि धन उधार लेने की नौबत आए तो भी बहुत सोच-विचार के बाद ही कदम उठाएं।

### कर्क
कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

### सिंह
सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन मान-सम्मान में वृद्धि का संकेत दे रहा है। समाज और कार्यक्षेत्र दोनों जगह आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। हालांकि कोई बड़ी डील अंतिम समय में अटक सकती है।

### कन्या
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का साथ और सहयोग आपको मानसिक मजबूती देगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन सही दिशा में प्रयास करने से सब ठीक हो जाएगा।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। पेट से जुड़ी किसी समस्या को लेकर लापरवाही न करें और जल्दबाजी से बचें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि वालों को आज आर्थिक मामलों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। बढ़ते खर्चों को संतुलित रखने के लिए योजना बनाकर चलना जरूरी होगा। आप अपने शौक और सुविधाओं पर अच्छा खर्च कर सकते हैं।

### धनु
धनु राशि के लिए आज का दिन संयम और धैर्य के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। किसी भी काम में जल्दबाजी दिखाने से बचना जरूरी होगा। पिताजी की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है।

### मकर
आज का दिन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आप अपनी बुद्धिमत्ता और समझदारी से कुछ नए निर्णय लेकर नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। अपनी आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना जरूरी होगा।

### कुंभ
आज का दिन निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने वाला रहेगा। अपने फैसलों के बल पर कई कामों में सफलता हासिल कर सकते हैं। परिवार के भीतर चल रही किसी उलझन को भी आप मिल-बैठकर सुलझाने में सफल हो सकते हैं।

### मीन
मीन राशि वालों को आज अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि कोई समस्या महसूस हो तो उसे नजरअंदाज न करें। कोई व्यक्ति आपको बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे नुकसान होने की संभावना है।

# पूजा गहलोत की कुश्ती के खिलाफ थे पिता, हालात से लड़कर बनाई पहचान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने से पहले कई लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं। भारत की होनहार महिला पहलवान पूजा गहलोत ने अखाड़े में उतरने से पहले कई ऐसी ही जंग लड़ी। आर्थिक तंगी के साथ-साथ पूजा के पिता उन्हें कुश्ती खेलते हुए नहीं देखना चाहते थे। हालांकि, पूजा के बुलंद हौसलों के आगे एक दिन पिता को भी झुकना पड़ा। पूजा गहलोत का जन्म दिल्ली के लांपुर गांव में हुआ। बचपन से ही पूजा को खेलों में खास रुचि थी। कुश्ती का खेल पूजा के दिल के थोड़ा ज्यादा करीब था। हालांकि, उस दौर में लड़कियों का कुश्ती खेलना सामान्य बात नहीं माना जाता था। खुद पूजा के पिता नहीं चाहते थे कि वह इस खेल में करियर बनाएं। पूजा की प्रतिभा को चाचा धर्मवीर सिंह ने पहचाना, और वह ही उनको महज 6 साल की उम्र में अखाड़े लेकर गए। पिता की सख्ती के चलते पूजा ने पहले वॉलीबॉल खेलना शुरू किया लेकिन बाद में वह कुश्ती के खेल में रम गईं। चाचा धर्मवीर ने पूजा को कुश्ती की बारीकियां सिखाईं और इसके बाद पूजा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूजा ने 2017 में एशियन जूनियर चैंपियनशिप में लाजवाब प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। पूजा गहलोत पहली बार साल 2019 में सुर्खियों में आईं। उन्होंने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक को अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप से पहले कंधे की चोट के कारण पूजा को दो साल तक कुश्ती से दूर रहना पड़ा था। हालांकि, पूजा ने जबरदस्त वापसी करते हुए हर किसी को दिखाया कि वह इस खेल के लिए ही बनी हुई हैं। साल 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स में पूजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला।

### एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप

# इंग्लैंड ने फाइनल में भारत को 2-0 से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रही। शनिवार को हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी हॉकी ग्राउंड में हुए फाइनल मुकाबले में टीम को इंग्लैंड के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की ओर से ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) और एलिजाबेथ नील (43वें मिनट) ने गोल किए। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। नवनीत कौर ने शुरुआती दो मिनट के अंदर ही अपनी टीम के लिए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, इस सेट पीस से उन्होंने जो ड्रैग फ्लिक लगाई, उसे इंग्लैंड की गोलकीपर ने रोक दिया। मेजबान टीम ने जबरदस्त अनुशासन दिखाया। उन्होंने अपने डिफेंस को मजबूत बनाए रखा और साथ ही विरोधी टीम के पाले में भी सेंध लगाने की कोशिशें जारी रखीं। हालांकि, पहले क्वार्टर के आखिर में इंग्लैंड ने मैच में अपनी पकड़ मज़बूत कर ली और दो मिनट शेष रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने अपनी ड्रैग फ्लिक से गोल किया और इस टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर से अपना पांचवां गोल दागते हुए इंग्लैंड को 1-0 की बढ़त दिला दी।दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर जैसा ही रहा। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ में 8 बार सर्कल में घुसने के बावजूद भारत ने इंग्लैंड के डिफेंस को तो चुनौती दी, लेकिन वह इंग्लैंड की गोलकीपर को भेदने में नाकाम रहा। इसका फायदा उठाते हुए मेहमान टीम हाफ टाइम तक अपनी एक गोल की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रही। बढ़त हासिल करने के बाद, इंग्लैंड ने गेंद को बेहतरीन तरीके से पास किया और मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। भारत को दबाव बनाने के कुछ मौके मिले, लेकिन मेहमान टीम का डिफेंस मजबूती से डटा रहा।

# गंभीर ने बताई दोनों भारतीय ओपनरर्स को प्लेइंग-11 में लेने की वजह

## अभिषेक पर हमेशा भरोसा रहा पावरप्ले में मैच छीन लेते हैं संजू





**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया है कि लगातार रन बनाने के लिए जूझ रहे अभिषेक शर्मा पर किस तरह भरोसा कायम रहा। वहीं, कोच ने संजू सैमसन को प्लेइंग- 11 में शामिल करने की वजह का खुलासा भी किया। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। अभिषेक की खराब फॉर्म को देखकर यह चर्चा भी उठने लगी थी कि क्या इस सलामी बल्लेबाज को प्लेइंग- 11 से बाहर बैठाया जाएगा? लेकिन टीम प्रबंधन ने अभिषेक पर भरोसा कायम रखा और फाइनल में उन्होंने अपना दिखाया जिससे टीम न्यूजीलैंड को हराकर खिताब बरकरार रखने में सफल रही। गंभीर ने अभिषेक का समर्थन करने पर कहा, आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं। आपकी फॉर्म का सही आकलन तभी हो सकता है जब आप 20 से 30 गेंदें खेल चुके हों और उसने अभी तक 20 गेंदें भी नहीं खेली हैं। मैं बस यही चाहता था कि वह हर अगले मैच में पिछले मैच की तुलना में अधिक आक्रामक होकर खेले। अभिषेक को लेकर कोई संदेह नहीं था। सच कहूं तो हम सभी को टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ी पर पूरा भरोसा था।गंभीर ने सैमसन की भी जमकर तारीफ की। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। गंभीर ने कहा, हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था।

# जय शाह ने पाकिस्तान-बांग्लादेश ड्रामे पर तोड़ी चुप्पी, दोनों टीमों को दिखाया आईना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने टी20 विश्व कप 2026 से पहले हुए विवाद पर पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। शाह ने कहा है कि कोई भी देश या टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। आईसीसी सभी सदस्य टीमों के सामूहिक प्रयास से चलता है। एक अवॉर्ड समारोह में जय शाह ने कहा, 'विश्व कप से पहले काफी अटकलें लगाई जा रही थीं कि कुछ टीमें हिस्सा लेंगी या नहीं। आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। कोई एक टीम मिलकर संगठन नहीं बनाती, बल्कि सभी टीमों के साथ मिलकर ही संगठन चलता है।' जय शाह ने बताया कि इस विश्व कप ने दर्शकों के मामले में इतिहास रच दिया। कुल व्यूअरशिप के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए। एसोसिएट टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। यूएसए ने भारत को, नीदरलैंड ने पाकिस्तान को और नेपाल ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी। जिम्बाब्वे जैसी छोटी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया।

आईसीसी अध्यक्ष ने भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भविष्य के लिए लगातार मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि टीम को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक सहित आने वाले बड़े टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी करनी चाहिए। विश्व कप से पहले विवाद तब शुरू हुआ था, जब बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने भारत आने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया था। पाकिस्तान ने इसके बाद बांग्लादेश के समर्थन में विश्व कप के बहिष्कार की धमकी दी थी। पाकिस्तान का कहना था कि आईसीसी बांग्लादेश के साथ गलत व्यवहार कर रही है। पाकिस्तान ने पहले पूरे टूर्नामेंट के बहिष्कार की बात कही, फिर भारत के साथ ग्रुप स्टेज का मुकाबला न खेलने की बात कही। आईसीसी की मध्यस्थता और बांग्लादेश पर किसी तरह का बैन न लगाए जाने के वादे के बाद पाकिस्तान ने यू-टर्न ले लिया और भारत के खिलाफ मैच खेला। पाकिस्तान सुपर-8 से आगे नहीं बढ़ सकी, जबकि भारतीय टीम ने लगातार दूसरा टी20 विश्व कप जीता।



# कार्लोस अल्कारेज को मिली हार

### मेदवेदेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में दी मात

**इंडियन वेल्स , एजेंसी।** रूस के डेनिल मेदवेदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को मात दी। इस तरह अल्कारेज को 16 मैचों बाद पहली हार का सामना करना पड़ा।

डेनिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह अल्कारेज का 16 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान समाप्त हो गया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया।

### मेदवेदेव का अब सिनर से होगा सामना

फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्कारेज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से सराफा बाजार में नरमी, सोना 2950 रुपये तो चांदी 9000 रुपये फिसली

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आज सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 9,000 रुपये गिरकर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वहीं, सोना 2,950 रुपये टूटकर 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमतों में 3.4 फीसदी की गिरावट आई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना लगातार तीसरे दिन नुकसान में रहा, जिसमें 1.81 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। व्यापारियों ने सराफा कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफावसूली बताया। उन्होंने सुरक्षित निवेश की मांग का अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड की ओर बढ़ना भी एक वजह बताया। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से बड़े पैमाने पर पोजीशन खत्म होने लगी हैं। निवेशक कीमती धातुओं से पूंजी निकालकर अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड में लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक केंद्रीय बैंक अमेरिकी-ईरान संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं के कारण ब्याज दर समायोजन रोक सकते हैं। परमार ने घरेलू बाजार में सोने और चांदी में वित्तीय वर्ष के अंत से पहले थकावट के स्पष्ट संकेत देखे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सराफा कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। हाजिर सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया। चांदी भी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। सोना 20.94 डॉलर या 0.42 फीसदी गिरकर 4,998.31 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# एलपीजी संकट से निपटने का मास्टरप्लान: सरकार क्यों कर रही है पीएनजी पर फोकस?


**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक मार्ग बाधित होने के कारण भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। इस अभूतपूर्व संकट से निपटने और देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने एक बड़ा नीतिगत बदलाव करते हुए शहरी क्षेत्रों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के उपयोग को अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे की सोच क्या है, ऐसी परिस्थिति क्यों बनी? सवाल-जवाब के जरिए पूरी कहानी समझें।

1. भारत में अचानक एलपीजी का संकट क्यों पैदा हो गया?

जवाबः भारत में इन दिनों एलपीजी संकट मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों पर उत्पन्न हुए गंभीर व्यवधानों का परिणाम है। भारत अपनी घरेलू एलपीजी खपत का लगभग 60 से 62 प्रतिशत आयात के जरिए पूरा करता है। इस आयातित एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा ओमान और ईरान के बीच स्थित संकरे समुद्री मार्ग, 'होर्मुज जलडमरूमध्य' (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) के माध्यम से आता है। मार्च 2026 की शुरूआत से, ईरानी बलों की चेतावनी के बाद इस मार्ग से टैंकरों की आवाजाही में भारी गिरावट आई है, इससे कतर और सऊदी अरब से भारत में एलपीजी की आवक में अनुमानित 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

2. क्या भारत के पास इस संकट से निपटने के लिए पर्याप्त गैस भंडार मौजूद नहीं है?

कच्चे तेल के विपरीत, भारत के पास एलपीजी के लिए पर्याप्त रणनीतिक भंडारण की सुविधा नहीं है। वर्तमान में, देश के पास एलपीजी भंडारण के लिए केवल मंगलुरु और विशाखापत्तनम में दो भूमिगत गुफाएं हैं। इन दोनों सुविधाओं की कुल क्षमता मात्र 1.4 लाख टन है, जो राष्ट्रीय स्तर पर दो दिन की खपत से भी कम है। अगर सभी स्थानीय भंडारों को भी मिला लिया जाए, तो कुल राष्ट्रीय बफर मुश्किल से 12 लाख टन तक पहुंचता है, जो पूरे देश की मांग को




केवल 15 दिनों तक ही पूरा कर सकता है।

3. पेट्रोलियम मंत्रालय ने शहरी उपभोक्ताओं के लिए क्या नया आदेश जारी किया है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक सख्त अधिसूचना जारी कर उन सभी परिवारों को तुरंत अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का आदेश दिया है जिनके पास पहले से ही पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी व्यक्ति को पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन एक साथ रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे भविष्य में किसी भी पीएनजी उपयोगकर्ता को एलपीजी सिलेंडर की रिफिल न दें।

4. सरकार शहरी उपभोक्ताओं को पीएनजी पर शिफ्ट करके एलपीजी किसके लिए बचा रही है?

इस नीतिगत बदलाव का मुख्य उद्देश्य 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (पीएमयूवाई) के तहत ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एलपीजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। 2025 तक देश भर में 10.33 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई कनेक्शन हो चुके हैं। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के कारण देश में एलपीजी की कमी होती है, तो इसका सबसे भयानक प्रभाव ग्रामीण गरीबों पर पड़ेगा, जो वापस लकड़ी या गोबर जैसे पारंपरिक प्रदूषक ईंधनों की ओर लौट सकते हैं। शहरी क्षेत्रों में पीएनजी को अनिवार्य बनाकर सरकार आयातित और भारी सब्सिडी वाली एलपीजी को केवल गरीब वर्गों के लिए संरक्षित कर रही है।

5. एलपीजी और पीएनजी के बीच बुनियादी और तकनीकी अंतर क्या है?

एलपीजी पृथ्वी से सीधे नहीं निकाली जाती, बल्कि यह प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण और कच्चे तेल के शोधन का उप-उत्पाद है। एलपीजी मुख्य रूप से भारी हाइड्रोकार्बन का मिश्रण है, जिसमें प्रोपेन और ब्यूटेन की प्रमुखता होती है। इसके विपरीत, पीएनजी गैस कुओं से निकाली जाने वाली प्राकृतिक गैस है, जो लगभग शुद्ध मीथेन (85-95%) होती है। एलपीजी का ऊष्मांक मान (कैलोरिफिक वैल्यू) लगभग 93 MJ/m3 होता है, जबकि पीएनजी का लगभग 38 MJ/m3 होता है, इसलिए पीएनजी स्थिर और निरंतर गर्मी प्रदान करती है।

# योगी जी ! लापरवाह हैं आपके मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी, प्राचार्य भी अपने कमरे से नदारद

## सीएमएस ने जब लिया जायजा तो खुद हुए हैरान, रोक दिया कर्मचारी का वेतन

- जब सीएमएस ने परखी व्यवस्थाएं तो खुद हो गए हैरान



ड्रेसिंग कक्ष से नदारद कर्मचारी को फोन करते सीएमएस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं दम तोड़ रही हैं। मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ मौके से गायब मिला। जब सरकारी अस्पताल के सीएमएस ने इसका जायजा लिया तो वह खुद इस नाकामी पर हैरान हो गए। सीएमएस ने मौके पर ही फोन कर उन कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही का आदेश जारी करते हुए वेतन तक रोक दिया।

सोमवार को मेडिकल कॉलेज की पुरुष विंग का जायजा लिया गया तो मौके पर जो तस्वीर सामने आई उसने सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। जागरण मोर्चा की खबर का असर यह रहा कि सीएमएस रमाकांत सागर खुद मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते नजर आए। इस दौरान पुरुष विंग के ड्रेसिंग रूम में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था सीएमएस इस व्यवस्था पर भड़क गए। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को फोन कर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी अमर सिंह के खिलाफ कार्यवाही का आदेश जारी करते हुए उसका वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया। इस दौरान सीएमएस का यह भी कहना था कि मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य के गुर्गों ने ही व्यवस्थाएं धूमिल कर रखी हैं। अगर जतीपुर की घटना के मरीज को मौके पर उपचार मिल जाता तो मुझे अस्पताल में जाना ही नहीं पड़ता। जब सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा किया गया तो कई कमरों से डॉक्टर से लेकर कर्मचारी भी नदारद मिले। धरातल पर उतरे सीएमएस ने इन सभी कर्मचारियों ले खिलाफ कार्यवाही का आदेश जारी कर दिया है। सोमवार को मेडिकल कॉलेज की पुरुष विंग का जायजा लिया गया तो मौके पर जो तस्वीर सामने आई उसने सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। जागरण मोर्चा की खबर का असर यह रहा कि सीएमएस रमाकांत सागर खुद मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते नजर आए। इस दौरान पुरुष विंग के ड्रेसिंग रूम में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था सीएमएस इस व्यवस्था पर भड़क गए। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को फोन कर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी अमर सिंह के खिलाफ कार्यवाही का आदेश जारी करते हुए उसका वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया। इस दौरान सीएमएस का यह भी कहना था कि मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य के गुर्गों ने ही व्यवस्थाएं धूमिल कर रखी हैं। अगर जतीपुर की घटना के मरीज को मौके पर उपचार मिल जाता तो उसे निजी अस्पताल में जाना ही नहीं पड़ता।

जब सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तो कई कमरों से डॉक्टर २ लेकर कर्मचारी भी नदारद मिले। धरातल पर उतरे सीएमएस ने इन सभी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही का आदेश जारी कर दिया है। सीएमएस का कहना कि है कि ऐसे कर्मचारी विभाग की छवि को धूमिल कर रहे हैं।


मै तो स्लीपर हूं भैया, खुद बताओ मै कैसे पट्टी बांध दूं किसी घायल के। **(राजू, सफाईकर्मी)**


मुझे आर्थो वार्ड में ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था, एक घंटे बाद में यहां एक बजे ड्यूटी पर आया हूं। **(मनोज, कर्मचारी)**


मैने आज खुद धरातल पर उतर के वास्तविक स्थिति का जायजा लिया, ड्रेसिंग रूम में तैनात कर्मचारी मौके से नदारद पाया गया, उसका वेतन रोकने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। **(रमाकांत सागर, सीएमएस)**


मेडिकल कॉलेज के नाम पर अव्यवस्थाएं फैलाई जा रही हैं, खुद सोचिए जब एक सीएमएस उस कर्मचारी का वेतन रोक दे जिसे ड्यूटी पर मौजूद होना चाहिए इससे ज्यादा शर्मनाक क्या ही होगा। **(संतोष मिश्रा)**


सरकारी अस्पताल के खाली कमरे अपने आप में मेडिकल कॉलेज की लापरवाहियों को उजागर करने को पर्याप्त हैं, ऐसे कर्मचारियों पर तो सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। **(रामानुज अवस्थी)**


अरे मैं खुद हैरान हूं, मै अभी मौके पर तैनात कर्मचारियों से बात करता हूं, यह तो बिल्कुल ही गलत बात है। **( ज्ञानेंद्र सिंह, जिलाधिकारी)**

# हिन्दू समाज और उसकी आवाज को मजबूत करना ही लक्ष्य -पं. पंकज


हिंदू महासभा की बैठक में मौजूद संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक रविवार जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा की अध्यक्षता में एक बारात घर में आयोजित की गयी। बैठक में संगठन को आगे बढ़ाने, गौ रक्षा, एवं युवाओं के पर चर्चा की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज को अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए। हिन्दू महासभा हर हिन्दू के साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकताओं के दम पर आने वाले समय में हिन्दू समाज की आवाज और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि पीलीभीत के युवाओं के रोजगार को लेकर गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से भरा पचपेड़ा में बनने वाली फैक्ट्री में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिलाने के संबंध में बातचीत की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार जिले भर में हिन्दू महासभा के कार्यकताओं के दम पर ही चुनाव में खड़े होने वाले हिन्दू उम्मीदवारों की नैया पार होगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि हिन्दू महासभा का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित और सशक्त बनाना है। बैठक जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह,महिला महामंत्री कविता वंशवाल,युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा,मंडल अध्यक्ष महिला बबिता सक्सेना ने भी सम्बोधित किया।बैठक का संचालन बीसलपुर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी एवं नगर महामंत्री अवनीश रतन ने किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित कार्यकताओं का धन्यवाद नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप ने किया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, महिला मंडल अध्यक्ष बबिता सक्सेना, जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला महामंत्री कविता वंशवाल, हरिओम मिश्रा, शलभ गंगवार, विपुल पांडेय, रवि जायसवाल, अमन संजोग, अनिल वंशवाल, प्रकाश अग्निहोत्री, कमल कश्यप, राहुल देव, जितेंद्र मौर्य, चेतन श्रीवास्तव, बीसलपुर से नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप एवं अवनीश रतन सहित पूरी टीम, पूरनपुर से नगर अध्यक्ष अवलोक मिश्रा एवं युवा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता सहित पूरी टीम आदि सहित जिले भर के सभी नगरों एवं ब्लॉकों की टीम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह-अर्जुन सिंह

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ने शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह को लेकर एक प्रेस कांन्फ्रेंस का आयोजन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता होंगे। उन्होंने ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्तिओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारी लगे हुए हैं। प्रेस कांन्फ्रेंस का संचालन स्वतंत्र देवल ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री जितेन्द्र गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना, मण्डल मंत्री रतन नाथ मिश्रा, जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल, जिला महामंत्री पीयूष अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष रवि शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष नितिन नाथ मिश्रा, नौगवा पकडिया के अध्यक्ष राहुल शर्मा सहित संगठन से जुड़े तमाम लोग उपस्थित थे।


प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारी

## पुलिस के गुडवर्क से करीब 25 लाख की कीमत के मोबाइल बरामद

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल के पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर क्राइम टीम एवं जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क के अथक प्रयास से जनपद में विभिन्न व्यक्तियों के खोये हुये कुल 206 मोबाइलों को बरामद किया गया है। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 24,39,440 रुपये चौबीस लाख उनतालीस हजार चार सौ चालीस है।बरामद मोबाइलों को उनके मालिकों को वापस कर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर टीम पूरी तरह से सक्रिय है किसी भी व्यक्ति के साथ अगर ऐसी कोई वारदात होती है तो हम उस पर विधिक कार्यवाही करेंगे।



मालिकों को सौंप दिए उनके मोबाइल प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

# गैस की किल्लत को लेकर व्यापार मण्डल ने दिया ज्ञापन


गैस की किल्लत से परेशान व्यापारियों ने डीएम को दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारिओं ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को व्यापारिओं को गैस की हो रही किल्ल्त को लेकर एक ज्ञापन देकर आ रही समस्याओं से अवगत करवाया।ज्ञापन में खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले रेहड़ी-पटरी दुकानदार,जिसमें चाय , समोसा , फास्ट फूड और छोटे भोजनालय वाले व्यापारी आते हैं।

इनके व्यापार की प्रतिदिन की कमाई से ही इन लोगों के परिवारों का भरण-पोषण होता है। परन्तु कुछ दिनों से एलपीजी गैस की अनावश्यक मांग बढ़ जाने के कारण व्यापारिओं को कामर्शियल गैस सिलेंडर नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। व्यापारियों के व्यापार प्रभावित होने के कारण इनके परिवारों पर रोजी-रोटी का गम्भीर संकट छा गया है। डीएम महोदय से मिलकर निवेदन किया की इस समस्या को संज्ञान में लेकर शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाए।

आज ज्ञापन देने में मौजूद रहे जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी, रणवीर पाठक नगर अध्यक्ष, युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, रशीद अंसारी महामंत्री, गौतम गोहा, हरीश सिंह उपाध्यक्ष, सहवास हुसैन उपाध्यक्ष, आशीष लोधी युवा नगर अध्यक्ष, केतन बाहरी, अभिलाष गुप्ता प्रदीप श्रीवास्तव, मोनू पाठक, प्रीतम शर्मा, सैयद जफर अली, कानूनी सलाहकार एडवोकेट आर के शर्मा आदि व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नफीस अंसारी ने की रोजा इफ्तारी की दावत, रोजा खोलने के बाद मुल्क के अमन की दुआओं को उठे सभी के हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नेकदिल शख्सियत और बंद मुट्ठी से खामोशी के साथ जरूरतमंदों की सहायता करने वाले समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने पार्टी कैम्प कार्यालय, में रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में सभी ने मिलकर रोजा खोला और देश व प्रदेश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ की। कार्यक्रम के दौरान आपसी सद्भाव, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।


रोजा इफ्तार करते लोग

इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इंसान को सब्र, भाईचारा और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। रोजा इफ्तार के दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि रमजान का पाक महीना हमें आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस दौरान पूर्व सदस्य विधान परिषद अमित यादव रिंकू भैया ने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। रोजा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा और एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी को रमजान की मुबारकबाद देते हुए देश और प्रदेश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ की। इस दौरान रोजा इफ्तार में शिरकत करने वाले समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी, हाफिज इसरार अहमद, सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज खां, जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान सहित सभी सम्मानित नेताओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर नफीस अहमद अंसारी को बधाई देते हुए सभी को रमजान की दिली मुबारकबाद दी और देश व प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ की।







# आजादी के स्वर्णिम इतिहास की गवाह है बमरौली की गढ़ी

- बीसलपुर के प्रथम विधायक भी रहे कुंवर भगवान सिंह
- असहयोग आंदोलन काकोरी कांड की गढ़ी में ही तैयार की गई थी रूपरेखा

सुरेश जायसवाल


बिलसंडा के गांव बमरोली स्थित कुंवर साहब की गढ़ी


कुंवर भगवान सिंह का फाइल फोटो

**बिलसंडा।** जिले में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का इतिहास जब भी पढ़ा जाएगा तो बिलसंडा के क्रांतिकारी कुंवर भगवान सिंह सदा ही याद किए जाएंगे। उन्होंने महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस के निर्देशन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जमकर लोहा लिया था। देश आजादी का जज्बा उनमें इस कदर समाया था, कि उन्होंने तहसीलदार जैसे महत्वपूर्ण पद की नौकरी ठुकरा कर अपना घर भी छोड़ दिया था। महात्मा गांधी के आह्वान आंदोलन की कंटीली राह पर निकल पड़े थे। कई बार गिरफ्तार होकर जेल गए। जेल में उन्हें यातनाएं सहनी पड़ी, परंतु भारत माता के इस सपूत ने अपनी आवाज बुलंद रखी। इसलिए आज भी लोग उनका नाम बड़े सम्मान के साथ लेते हैं। जमींदार परिवार के कुंवर भगवान सिंह की खंडहर हो चुकी हवेली गांव में आज भी आजादी के दिनों की याद दिलाती है। इतना ही नहीं ब्रिटिश हुकूमत के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर भगवान सिंह बीसलपुर के प्रथम विधायक और नेपाल राष्ट्र के राजदूत भी रहे।

नगर से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर भगवान सिंह का पैतृक गांव बमरौली है। कुंवर भगवान सिंह के दादा हीरा सिंह को 1857 में दियोरियां और बमरौली के राजपूतों ने 16 हजार की वार्षिक माल गुजारी पर नियुक्त भी किया था। वे 1857 वीं सदी के स्नातक थे। बमरौली गांव 1921 में असहयोग आदोलन में फिर चमका और उसके बाद कुंवर भगवान सिंह के बड़े भाई शंकर सिंह असहयोग आंदोलन में कूद पड़े और जेल जाना पड़ा। इसके बाद भगवान सिंह 1930 में राजनीति में आए और बीसलपुर में पिकेटिंग और पूरनपुर जंगल के प्रसिद्ध सत्याग्रह में उन्होंने भागीदारी की। भगवान सिंह की अहम भूमिका 1942 में तब सामने आई जब उन्होंने हथियार बंद साथियों के साथ दियोरिया के जंगलों में शरण लेकर बीसलपुर में कब्जा करने की योजना बनाई,और तहसीलदार की नौकरी छोड़ कर असहयोग आंदोलन में कूदे थे। इस कोठी में आजादी को लेकर रणनीति बनाई गई थी। उन दिनों कांग्रेस ने महात्मा गांधी के हाथों में आंदोलन की बागडोर सौंप रखी थी। कुंवर भगवान सिंह महात्मा गांधी से संपर्क बनाए हुए थे। बीसलपुर में सत्याग्रह करने पर अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। वर्ष 1937 में विधायक चुने गए। वह 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के अग्रणी सेनानी रहे। जेल से छूटने के बाद 1946 में उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए निर्विरोध सदस्य चुन लिया गया था। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हो गया। जिले में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कुंवर भगवान सिंह का 2 जून 1999 को निधन हो गया, लेकिन आज भी उनकी पहचान अपराजेय योद्धा के रूप में है। साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी ने उनके जीवन चरित्र को अपनी पुस्तक को अपराजेय योद्धा कुंवर भगवान सिंह के नाम से प्रकाशित भी किया है। कुंवर साहब भले ही इस दुनिया से विदा हो गए, परंतु उनके पूर्वजों की आज खंडहर हो चुकी गढ़ी इतिहास में दफन होने को तैयार हैं। फिर भी जो भी खंडहर बची इमारत आज भी आजादी के स्वर्णिम इतिहास की दास्तां सुना रही है। जिससे कोई संरक्षित करने को तैयार नहीं है। जो अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। इस गढ़ी की बनावट और दीवारों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रिटिश हुकूमत से लडने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### दीदार सिंह ने भी वतन की खातिर कर दिया था सर्वस्व न्यौछावर



देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारी दीदार सिंह को भले ही लोग भूल चुके हो, लेकिन बेटे ने घर के बाहर उनकी समाधि बनवाकर यादों को संजोए हुए है।गांव में शीतलपुर जंगल के समीप स्थित सुभाष चंद्र बोस सेना के जाबाज सिपाही दीदार सिंह की समाधि है। अंग्रेजों के चाबुक और जेल का दंश झेलने वाले क्रांतिकारी दीदार सिंह की समाधि को उनके पुत्र मस्सा सिंह ने काफी व्यवस्थित कर रखा है। इनका नाम ब्लॉक परिसर में स्थित अशोक स्तंभ में 12 वे स्थान पर स्थित है। स्वाधीनता दिवस के मौके पर क्रांतिकारी की समाधि पर श्रद्धां के दो पुष्प अर्पित करने का हम सभी का फर्ज बनता है।

# घरेलू गैस के दुरुपयोग पर प्रशासन सख्त, छापेमारी कर कई सिलेंडर जब्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर घरेलू गैस से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए गठित प्रवर्तन टीम ने रविवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए, जिन पर कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर जब्त किए गए।



जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के केरूगंज स्थित पक्का पुल के पास महेश चंद्र पुत्र राधेश्याम की दुकान पर छापेमारी में 2 घरेलू सिलेंडर, कंपनी के 5 किलो के 2 छोटे सिलेंडर और 29 अधोमानक छोटे गैस सिलेंडर बरामद हुए। इसी तरह मोहल्ला मेहमनगढ़ी स्थित आर.के.टी. स्टॉल (रेस्टोरेंट) में 2 घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। वहीं तहसील तिलहर के खैरपुर चैराहा पर भी 2 भरे और 2 खाली घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग करते हुए पकड़ा गया। टीम ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया है और संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति घरेलू एलपीजी गैस की रिफिलिंग या कालाबाजारी करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस का उपयोग या कॉमर्शियल सिलेंडर की रिफिलिंग का बिल न दिखाने पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कांशीराम जयंती पर बुद्ध विहार में विचार गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** प्रांतीय अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में कांशीराम के जन्मदिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सम्राट ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि कांशीराम का मानना था कि जब तक व्यवस्था के पीड़ितों को एकजुट नहीं किया जाएगा और समाज में असमानता खत्म नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए अधिकारों को समाज तक पहुंचाने का कार्य कांशीराम साहब ने अपने संघर्ष से किया। अरविंद सिंह टाइगर ने कहा कि कांशीराम ने दबे-कुचले, शोषित और वंचित समाज को अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने कहा कि उन्होंने




आजीवन घर-परिवार का त्याग कर वंचित समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि कांशीराम ने संकल्प लिया था कि समाज के उत्थान के लिए उनका न कोई घर होगा और न ही परिवार। जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमारी वर्मा ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब हमेशा लोगों के दिलों में समाज के लिए जीवित रहेंगे। लालमन गौतम ने उनके प्रसिद्ध कथन ह्लमैं अकेला ही चला था जानिबे मंजिल मगर, लोग जुड़ते गए और कारवां बनता गयाह्व को याद करते हुए उनके संघर्ष को प्रेरणादायक बताया। वहीं अशोक कुमार ने कहा कि स्वाभिमानी लोग ही संघर्ष का अर्थ समझते हैं। ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर अरविंद वर्मा ने कहा कि यदि हम सभी कांशीराम के बताए रास्ते पर चलें, तभी समाज का वास्तविक उत्थान संभव है। अंत में सभी ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और कार्यक्रम का समापन किया गया।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. नागेश पांडेय संजय का व्याख्यान, मिला सम्मान

**शाहजहांपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित बाल साहित्य राष्ट्रीय संगोष्ठी में शाहजहांपुर के वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय संजय ने अपने विचार रखे। उन्होंने ह्लवैश्वीकरण के दौर में भारतीय बाल साहित्य के अनुवाद की संभावनाएंह्व विषय पर व्याख्यान दिया, जिसे उपस्थित विद्वानों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने डॉ. नागेश पांडेय संजय को सम्मानित किया। यह संगोष्ठी विश्व की सर्वाधिक प्रसारित बाल पत्रिका देवपुत्र के पूर्व संपादक कृष्ण कुमार अष्ठाना की स्मृति में आयोजित की गई थी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से सौ से अधिक विद्वानों ने भाग लिया।



बताया जाता है कि डॉ. नागेश पांडेय संजय की अब तक करीब 55 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके बाल साहित्य पर कई शोध कार्य भी किए जा चुके हैं और उनकी रचनाओं का कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्यकारों और गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

# आदर्श युवा मंच का इफ्तार गेट टुगेदर भाईचारे का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** आदर्श युवा मंच की ओर से रमजान के मुकद्दस महीने में एक इफ्तार गेट-टुगेदर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान रमजान की बरकतों और इसकी अहमियत पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि रमजान का महीना इंसान को सब्र, त्याग, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। इस अवसर पर लैलतुल कद्र (शब-ए-कद्र) की फजीलत पर भी रोशनी डाली गई। बताया गया कि यह मुबारक रात हजार महीनों से बेहतर मानी जाती है और इस रात की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। इसके साथ ही जकात की अहमियत पर



चर्चा करते हुए कहा गया कि रमजान के महीने में जरूरतमंदों की मदद करना और समाज के कमजोर वर्गों का सहारा बनना हर सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जकात और सदका के जरिए समाज में बराबरी और भाईचारे का संदेश मजबूत होता है। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेल-जोल और सकारात्मक माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सभी ने मिलकर सामाजिक सद्भाव, एकता और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से इफ्तार किया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# गंगा एक्सप्रेस-वे तैयार, जल्द होगा शुभारंभ सीईओ ने किया निरीक्षण



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे की सौगात जल्द ही जनपदवासियों को मिलने वाली है। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ व प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जलालाबाद तहसील क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी, रेस्ट रूम भवन, शौचालय सहित अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही रेस्ट रूम परिसर में पौधारोपण भी किया और पार्किंग एरिया व दुकानों की व्यवस्था को भी देखा। सीईओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। फिलहाल हाईवे के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के लिए अब सिर्फ मुख्यमंत्री की हरी झंडी का इंतजार है और उम्मीद है कि एक से दो महीने के भीतर इसे आम जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

इस मौके पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार, नायब तहसीलदार अनुराग दुबे, तहसील के अन्य अधिकारी तथा यूपीईडा के कर्मचारी मौजूद रहे।

# 30 लाभार्थियों को आचार बनाने का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र की ओर से मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकास खंड सिंधौली के ग्राम भायपुर में 15 से 16 मार्च तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को खाद्य प्रसंस्करण से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का संचालन खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान रघुवीर सिंह ने किया। इस दौरान राजकीय फल संरक्षण केंद्र की ओर से लाभार्थियों को प्रशिक्षण से संबंधित साहित्य भी वितरित किया गया। प्रतिभागियों के लिए जलपान और अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। प्रशिक्षण के दौरान अतिथि वक्ताओं वीरेंद्र कुमार पाली, पवन कुमार और अखिलेश




कुमार ने खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभाग की ओर से 30 लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के आचार बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर असीम कुमार वर्मा और ग्राम प्रधान रघुवीर सिंह ने लाभार्थियों को छोटे लघु उद्योग जैसे मिनी फ्लोर मिल, मिनी राइस मिल, दलिया पैकिंग, मसाला उद्योग तथा प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म उन्नयन योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं और सोलर सिस्टम के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में राजेश कुमार, सौरभ कुमार, शमशुल हसन, बलवान सिंह, मेहरबान, कुलदीप, रामकृष्ण, सर्वेश कुमार, श्रीमती मधु सागर, साधना पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 18 मार्च को ददरौल पॉलिटेक्निक में वृहद रोजगार मेला

**शाहजहांपुर।** रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 मार्च को राजकीय पॉलिटेक्निक ददरौल में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 40 कंपनियां भाग लेंगी, जिनके माध्यम से 2000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, जीटीआई और बीटेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, बायोडाटा और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 18 मार्च को सुबह 10 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक ददरौल परिसर में पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करना होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अधिक से अधिक युवाओं से रोजगार मेले में पहुंचकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा के पिता का निधन, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा क्षेत्र से जुड़े पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक अवधेश कुमार वर्मा के पिता ऊधौ लाल वर्मा (83 वर्ष) का रविवार 15 मार्च को रात लगभग 8 बजे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में शुभचिंतकों, समर्थकों व जनप्रतिनिधियों ने वर्मा परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। स्वर्गीय ऊधौ लाल वर्मा एक सम्मानित एवं लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने लंबे समय तक सहायक विकास अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे। इसके अलावा वे विकास खंड भावलखेड़ा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख भी रहे और अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास तथा जनहित के कार्यों के लिए जाने जाते थे। उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण के कारण क्षेत्र



में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। उनके निधन की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां उनके पैतृक गांव कहिलिया पहुंचे और पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा व उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा दुख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, राजेश वर्मा, आरिफ सिद्दीकी, सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, डॉ. सुहेल खान उर्फ छोटे मुन्ना, डॉ. शोएब खान उर्फ बड़े मुन्ना, लालजीत वर्मा, शमसुद्दीन सिद्दीकी, विपिन यादव, मनोज यादव, शावेज सईद सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्वर्गीय ऊधौ लाल वर्मा का अंतिम संस्कार सोमवार को शाम लगभग 4 बजे वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय, ग्राम कहिलिया (थाना सेहरामऊ दक्षिणी) में संपन्न हुआ, जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों ने पहुंचकर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दुखद समाचार पर अनेक राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 251 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**शाहजहांपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ओसीएफ रामलीला मैदान, कैन्ट में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 251 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 211 हिन्दू और 40 मुस्लिम नवयुगल शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। उनके साथ महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन इन्दु अजनबी ने किया। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, जिला परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड विकास अधिकारी भावलखेड़ा व ददरौल, नगर पंचायत खुदागंज और कटरा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जिला समाज कल्याण विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। अंत में नगर आयुक्त ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने दी।




# रोजा जंक्शन की बदहाली, लाखों लीटर पानी बर्बाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिवीजन के प्रमुख स्टेशनों में शामिल रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर रेलवे कॉलोनी में पानी के टैंक के बार-बार ओवरफ्लो होने से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर प्लेटफॉर्म पर हाल ही में लगाया गया नया टीन शेड पहली ही बारिश में टपकने लगा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार रेलवे कॉलोनी में क्वार्टरों की पानी सप्लाई के लिए बड़े टैंक बनाए गए हैं। इनमें से एक टैंक में करीब सवा दो लाख लीटर पानी की क्षमता है। टैंक में पानी भरने और खोलने की जिम्मेदारी प्राइवेट कर्मचारियों को दी गई है, जिन्हें प्रतिदिन करीब 375 रुपये वेतन दिया जाता है। कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पिछले एक माह में कई बार टैंक ओवरफ्लो हो चुका है, जिससे लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। टैंक ओवरफ्लो होने पर पानी पार्क



और रेलवे कॉलोनी की सड़कों में भर जाता है। इससे सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और कॉलोनी के लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार मनोरंजन सदन के सामने वाली टंकी ही ओवरफ्लो होती है, जिससे धार्मिक स्थल के सामने कीचड़ हो जाती है और कोयला कॉलोनी तक पानी पहुंच जाता है। उधर स्टेशन पर हाल ही में लगाए गए टीन शेड की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में आ गई है। 13 फरवरी को महाप्रबंधक के निरीक्षण से पहले प्लेटफॉर्म नंबर 5 और 6 पर नया टीन शेड लगाया गया था और स्टेशन को चमकाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन पहली ही बारिश में शेड से पानी टपकने लगा, जिससे ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री भीगते नजर आए और उन्हें इधर-उधर छिपकर खड़ा होना पड़ा। इस संबंध में सीनियर सेक्शन इंजीनियर कौशल कुमार अवस्थी ने बताया कि पहले टैंक के ऑटोमेटिक वाल्व में खराबी की वजह से ओवरफ्लो की समस्या हुई थी।

वहीं टीन शेड के मामले में उन्होंने कहा कि अभी नाली का निर्माण पूरा नहीं हुआ है और ठेकेदार का कुछ काम बाकी है। जल्द ही इसे ठीक कराया जाएगा ताकि आगे बारिश में पानी न टपके।

# सांसद ने गृह मंत्री से की शिष्टाचार भेंट, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

**शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान शाहजहांपुर में हो रहे विकास कार्य को लेकर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि गृहमंत्री से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया और तमाम विकास कार्य के मुद्दों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में देश में चारो ओर विकास तेज गति से चल रहा है। भाजपा सांसद अरुण सागर ने दिल्ली पहुंचकर देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। करीब आधे घंटे की मुलाकात में सांसद और गृहमंत्री के बीच देश में हो रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। गृहमंत्री ने इस दौरान शाहजहांपुर में होने वाले विकास कार्यों के बारे में पूछा और इस पर सांसद ने उनको बताया कि शाहजहांपुर में काफी तेज गति के साथ विकास कार्य चल रहा है। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में शाहजहांपुर की सूरत बदल चुकी है। शहर से लेकर गांवो की सड़कें और यहां तक कि गली-कूंचों तक में पक्की रोड जनपदवासियों को मिल गई है। सांसद ने बताया कि गृहमंत्री से शिष्टाचार भेंट की, इस दौरान विकास कार्यों को लेकर गहन चर्चा हुई है।



## कई जिलों में हवाओं के साथ हुई बारिश, पर कल से प्रदेश में कमजोर पड़ जाएगा विक्षोभ

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों और तराई क्षेत्र में रविवार व सोमवार को कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम



बारिश हुई। जबकि शामली और मुजफ्फरनगर में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी सूचना मिली। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से यह विक्षोभ कमजोर पड़ गया है।

मंगलवार से अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार वर्तमान विक्षोभ के कमजोर पड़ने से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी। हालांकि 19 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे प्रदेश के दोनों संभागों में बारिश और तेज हवाओं का दौर शुरू हो सकता है। इसके प्रभाव से अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं।सोमवार को सहारनपुर में सर्वाधिक 16 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि बिजनौर में 14 मिमी, मुजफ्फरनगर में 9.3 मिमी और बरेली में 5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सिद्धार्थनगर और सीतापुर में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

तापमान की बात करें तो बांदा प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उरई में 36.4 और फतेहपुर में 36.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। बांदा में ही न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रही।

# सरकारी शिक्षक-कर्मचारियों को सरकार ने दिया तोहफा, ग्रेच्युटी राशि 20 से बढ़ाकर हुई 25 लाख



**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** यूपी के एडेड कॉलेज के शिक्षकों को सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। उनकी ग्रेच्युटी राशि 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख तक किए जाने का निर्णय लिया गया है।

सरकार ने प्रदेश के 4500 से अधिक अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों के सवा लाख से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों को बढ़ा तोहफा दिया है। उनकी ग्रेच्युटी राशि 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में यह व्यवस्था पिछले साल से लागू है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार एडेड विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 फीसदी हो जाने पर ग्रेच्युटी की राशि 20 से बढ़ाकर अधिकतम 25 लाख किए जाने का निर्णय लिया गया है। विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इसके लिए वित्त विभाग से सहमति मिल गई है।

बता दें कि पिछले साल ही प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों-कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जा रहा है। इसके बाद से एडेड माध्यमिक विद्यालयों की ओर से इसके लिए मांग की जा रही थी। इस क्रम में यह निर्णय लिया गया है। वहीं सेवा के दौरान विकल्प देने पर व सेवा के दौरान निधन होने वाले शिक्षकों-कर्मचारियों के परिजनों को ग्रेच्युटी नियमानुसार देने की व्यवस्था है।

**एनपीएस की धनराशि न जमा होने पर जताई नाराजगी**

प्रदेश के सहायता प्राप्त गैर सरकारी माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के एनपीएस खाते में धनराशि जमा न करने पर नाराजगी जताई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने सोमवार को इस मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के जीपीएफ खाते में ब्याज सहित जमा करने का स्पष्ट आदेश है। इसके बाद भी अभी तक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लचर कार्य प्रणाली के चलते जमा नहीं किया गया है।

## इस्त्राइल में 23 मार्च तक हवाई यात्रा पर रोक, 100 कामगार फंसे, बोले- हर वक्त मिसाइल गिरने का डर

**कार्यालय जागरण मोर्चा**



**लखनऊ।** ईरान और इस्त्राइल के बीच युद्ध जारी है। इस बीच इस्त्राइल में सभी हवाई सेवाएं 23 मार्च तक बंद कर दी गई हैं। वहां लखनऊ वापसी के इंतजार में बैठे 100 कामगारों की धड़कनें भी बढ़ने लगी हैं। सोशल मीडिया से हुई बातचीत में कामगार महेश कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पहले घर वापसी के लिए अर्जी डाली थी, लेकिन यहां के प्रशासन ने उनकी अर्जी को निरस्त कर दिया। विकास नगर के रहने वाले हंसराज ने बताया कि करीब 20 दिन से यहां की स्थिति दयनीय बनी हुई है। कब, कहां और किधर से मिसाइल गिर जाए, इसके बारे में कोई अंदाज लगाना मुश्किल है। सुरक्षा के लिहाज से बीच-बीच में काम भी बंद कर दिया जाता है। रात-दिन बंकर में ही रहना पड़ रहा है। हमारी तरह बड़ी संख्या में ऐसे कामगार हैं जो अब घर वापस जाना चाहते हैं, लेकिन हवाई यात्रा बंद होने के कारण हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

## नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान, कई अस्थायी कब्जे हटाए कई

**कार्यालय जागरण मोर्चा**



**लखनऊ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई।

अभियान के तहत जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड लाल जी टंडन, हुसैनाबाद और भवानी गंज क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान अनुसरल गर्ल्स हॉस्टल के पास, जूता बाजार हुसैनाबाद तथा न्यू नक्खास मार्केट स्थित मिनी ट्यूबवेल के पास प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते हुए अवैध अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 10 ठेले, 4 गुमटी और 20 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही मौके से 1 लोहे का स्टूल, 3 कैरेट, 4 टायर और 1 लोहे का जाल सहित अन्य सामान जब्त किया गया। नगर निगम टीम ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी भी दी कि भविष्य में उक्त स्थलों पर पुनः अतिक्रमण न किया जाए। इस अभियान में कर अधीक्षक विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव तथा 296 टीम के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जोन-8 में भी अवैध अस्थायी अतिक्रमण, होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में मेदांता हॉस्पिटल, वृन्दावन कालिन्दी पार्क और तेलीबाग चौराहे के आसपास अवैध रूप से लगाए गए ठेले और खोमचे हटाए गए। कार्रवाई के दौरान 8 कैरेट, 3 नारियल कांटा, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 2 पानी की पेटी, 2 सिलेंडर, 1 लोहे की बेंच, 1 बैटरी, 1 ठेला और 5 स्टूल सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

## पूर्व नौकर ने लगाई भाजपा नेता की एसयूवी में आग, जांच में चालक पर भी उठे सवाल, पूछताछ में बयान बदला

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार में भाजपा नेता व स्वच्छ भारत अभियान के पूर्व सलाहकार रज्जन पांडेय की एसयूवी में आग लगाने के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आग लगाने वाले संदिग्ध को पकड़ लिया है, जो पहले भाजपा नेता के यहां घरेलू काम करता था। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने भाजपा नेता के पूर्व कार चालक के इशारे पर एसयूवी में आग लगाने की बात कबूली, लेकिन आमना-सामना कराने पर वह अपने बयान से पलट गया।

जानकीपुरम विस्तार स्थित शिवम सिटी निवासी रज्जन पांडेय भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। रज्जन पांडेय स्वच्छ भारत अभियान के पूर्व सलाहकार रह चुके हैं। वह बख्शी का तालाब विधानसभा सीट से टिकट के दावेदार भी हैं। सेक्टर-7 में उनका कार्यालय है। छह मार्च की देर रात कार्यालय के बाहर खड़ी उनकी एसयूवी में अचानक आग लग गई थी, जिससे पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। घटना के बाद रज्जन पांडेय ने अपने दो पूर्व कर्मचारियों व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ साजिशन आग लगाने की तहरीर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध दिखाई दिया, जिसे पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने पहले बताया कि भाजपा नेता के पूर्व कार चालक के कहने पर उसने गाड़ी में आग लगाई थी, लेकिन बाद में चालक से सामना होने पर वह अपने बयान से मुकर गया।

## औचक निरीक्षण पर चिनहट सीएचसी पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, गंदगी देख भड़के, सख्त चेतावनी दी

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

लखनऊ। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को औचक निरीक्षण करने चिनहट सीएचसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से भी फीडबैक लिया।

लखनऊ के चिनहट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे डिप्टी सीएम को देखकर अस्पताल प्रशासन और स्टाफ में हलचल मच गई।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम सीधे ओपीडी पहुंचे और वहां मौजूद मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से दवाइयों, जांच और डॉक्टरों की उपलब्धता के बारे में भी पूछा।



इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया और गंदगी दिखने पर नाराजगी दिखाई। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर यह देखा कि डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी समय पर ड्यूटी पर मौजूद हैं या नहीं। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली और रूट मैप की समीक्षा करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के इस औचक निरीक्षण को स्वास्थ्य विभाग के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है कि सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं।

## ऑनलाइन जीएसटी अपील में आ रही समस्याओं पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

लखनऊ। यूपी जीएसटी अपीलीय अधिकरण बार एसोसिएशन की ओर से लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित क्राऊन प्लाजा मे सोमवार को ह्लऑनलाइन फाइलिंग ऑफ जीएसटी अपील्स में व्यावहारिक अवरोध एवं चुनौतियों के समाधानह्व विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए कर पेशेवरों और अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और जीएसटी अपील से जुड़े व्यावहारिक, विधिक तथा तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार सौरव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत अपीलीय तंत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी अपीलीय अधिकरण (ॠढळअळ) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीएसटी अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष सेवानिवृत्ति जस्टिस डॉ० संजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज पीठ से कई न्यायिक एवं तकनीकी सदस्य भी मौजूद रहे। लखनऊ पीठ से न्यायिक सदस्य संतोष कुमार श्रीवास्तव और नरेंद्र कुमार, तकनीकी सदस्य (केंद्र) आलोक चौधरी और तकनीकी सदस्य (राज्य) अरविंद कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति ने चर्चा को और अधिक सार्थक बनाया।

## गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ नगर निगम का विशेष अभियान, 14 चालानों से 11,400 की वसूली

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-03 में की गई। अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में किया गया। जोन 3 की टीम ने वर्मा पेट्रोल पम्प से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा तक क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध रोकथामात्मक कार्रवाई की। साथ ही बाजार में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 05 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 5,000 का जुमार्ना वसूला गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर भी नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए 06 चालान किए और 5,800 का जुमार्ना वसूला।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

# मुख्यमंत्री योगी ने पूरी की बच्चे की मुराद, सेल्फी लेकर जीत लिया दिल

**कार्यालय जागरण मोर्चा**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान के जालौर में थे तभी एक बच्चा लगातार उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। मुख्यमंत्री ने उसकी इच्छा पूरी कर दी।

राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के मनोभाव को समझते हुए तत्काल उसके मन की मुराद पूरी कर दी।

दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान में थे। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया। बच्चे से उसका नाम, क्लास आदि की जानकारी ली, फिर मोबाइल लेकर अपने हाथों से बच्चे के साथ सेल्फी खींची। इस पर आह्लादित बच्चे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा।

मुख्यमंत्री ने यहां अपने विचार भी व्यक्त किए। अतिथियों ने मुख्यमंत्री का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। अंत में मुख्यमंत्री ने स्कूल के शिक्षकों, बच्चों, कलाकारों आदि के साथ फोटो खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी प्रदान की।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK